बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार




संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 168 | बुधवार 09 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## [सुविचार]




## संक्षिप्त समाचार

### गांधीधाम के निकट से 120 करोड़ की कोकीन के 10 पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद

अहमदाबाद ।गुजरात में फिर एक बार नशीले पदार्थ के नशीले पैकेट बरामद हुए हैं। कच्छ के गांधीधाम के निकट तालाब के किनारे पर झाडियों में छिपाए गए कोकीन के 10 पैकेट बरामद हुए हैं। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। कच्छ पूर्व के एसपी सागर बागमर के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर गांधीधाम बी डिवीजन पुलिस ने खारीरोहर सीमा स्थित तालाब के निकट बबूल की झाडियों के बीच से कोकीन के 10 पैकेट बरामद किए हैं। बरामद हुई 12 किलोग्राम कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत रु. 120 करोड़ होती है। घटना स्थलसे समुद्र की खाड़ी केवल डेढ़ किलोमीटर दूर है। आशंका है कि किसी तस्कर के जरिए कोकीन यहां तक लाई गई होगी। इससे पहले 4 जून 2024 को खारीरोहर से कंडला की ओर जानेवाले रोड पर बबूल की झाडियों के बीच से 13 किलो कोकीन के पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद की गई थी। इसके अलावा 28 सितंबर 2023 को गांधीधाम पुलिस ने यहां से कुछ दूरी पर मीठीरोहर सीमा से 800 करोड़ रुपए कीमत की 80 किलो कोकीन बरामद की थी। इस प्रकार बीते एकसाल में एक पट्टी से 105 किलोग्राम जितनी कोकीन के लावारीस पैकेट बरामद किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि बरामद किए गए पैकेट आखिर कौन फैंक गया, इसकी कोई जानकारी नहीं है। इन घटनाओं को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। शक्तिसिंह गोहिल ने अपने ट्वीटर पर लिखा 'गुजरात के कच्छ जिले में 12 किलोग्राम कोकीन से भरे 10 पैकेट बरामद हुए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपए है। युवाओं को बर्बाद करने वाली कोकीन लगार गुजरात में बरामद हो रही है। क्या भाजपा सरकार को इसकी चिंता नहीं है? क्या इसका ही विकास करने की भाजपा ने शपथ ली है?'

### पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने लाओस जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने 10 से 11 अक्टूबर तक लाओस जाएंगे। मोदी लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर लाओस दौरे पर जा रहे हैं। सिफांडोन आसियान के वर्तमान अध्यक्ष हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का इस साल एक दशक पूरा हो रहा है। एक बयान में कहा गया है कि आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत दृष्टिकोण का एक केंद्रीय स्तंभ हैं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के जरिए से भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और भविष्य की दिशा तय करेगा। बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

### मकान में बन रहे थे पटाखे, पुलिस ने तीन लाख के पटाखे किए जब्त, दो गिरफ्तार

हापुड़। हापुड़ के थाना देहात पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर तीन लाख रुपए के पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में पटाखे, 109 किलो विस्फोटक व पटाखे बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभी तक यह जानकारी नहीं मिली है कि पटाखों के लिए विस्फोटक कहां से मंगवाया गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला इंद्रगढ़ी रेलवे फाटक के पास स्थित एक मकान में कुछ लोग पटाखे बना रहे हैं। सूचना के बाद वह टीम के साथ मकान पर पहुंचे और छापा मारा।

### पत्नी के चरित्र पर शक... पति ने की हत्या

मथुरा ।मथुरा की थाना राया पुलिस ने 3 अक्टूबर को नहर में मिली अज्ञात महिला के शव मामले खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्यारा कोई और नहीं बल्कि मृतका का पति ही निकला। अवैध संबंधों के शक में पति ने ही महिला की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया था। बता दें कि राया क्षेत्र की नहर में 3 अक्टूबर को अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आसपास के इलाकों में जानकारी हासिल की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के हाथ हत्यारे के गिरेबान तक जा पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 3 अक्तूबर को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में मृतका की पहचान साधना पत्नी नरेश सिंह निवासी इगलास के रूप में हुई। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या करने की आशंका जाहिर कर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने तत्परता दिखकर मृतका साधना के पति को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

# हरियाणा जीत की धमक महाराष्ट्र पहुंची...
# उद्धव सीएम चेहरा का समर्थन देने को तैयार

मुंबई (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है। बीजेपी ने जोरदार ढ़ग से सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने स्पष्ट बहुमत पाकर एग्जिट पोल और राजनीतिक पंडितों के सारे आंकड़ों और गणनाओं को फेल साबित किया है। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाला राज्य है, इसके बाद यहां होने वाले विधानसभा चुनाव का महत्व काफी बढ़ जाता है। हरियाणा चुनाव परिणाम की धमक महाराष्ट्र पहुंच भी चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए चेहरे का समर्थन करुंगा। यूबीटी नेता ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह अपने सहयोगी दलों की ओर से तय किसी भी चेहरे का समर्थन करने को तैयार है।

मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है।




उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी के घटक दलों (कांग्रेस और एनसीपी (एसपी)) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए किसी भी दावेदार का मैं समर्थन करुंगा। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब उद्धव ने यह बात कही है। इसके पहले भी वे सीएम फेस को लेकर अपने मन की बात कह चुके हैं। दूसरी तरफ, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार पहले भी इस पर अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर चर्चा होगी। विधानसभा चुनाव परिणाम में आने वाली सीटों के आधार पर यह तय होगा।

ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किसी भी चेहरे का समर्थन करुंगा। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर फेक नैरेटिव फैलाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने 'लड़की बहिन' स्कीम पर निशाना साधा। इस योजना के तहत योग्य महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

उद्धव लगातार मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसके पहले अगस्त में भी उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) को सीएम उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए। साथ ही कहा था कि ज्यादा सीट हासिल करने वाल सहयोगी दल के नेता ही मुख्यमंत्री बनेगा, यह लॉजिक कारगर नहीं होगा।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939




# छत्तीसगढ़ में असम जैसी बनेगी एंटी नक्सल पॉलिसी

**–राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार लाएगी नई नक्सल नीति**

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल नीति असम जैसी ही होगी। इसका अध्ययन करने के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा असम गए थे। उन्होंने वहां अधिकारियों से उग्रवादियों के आत्मसमर्पण और पीड़ित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अक्टूबर के अंत तक या 1 नवंबर को राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार नई नक्सल नीति लाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मीटिंग के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जानकारी दी है। दोनों नेताओं के बीच यही बात हुई कि कैसे तय टारगेट मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सली खत्म हो जाए। नक्सल नीति को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की योजना का फायदा सरेंडर करने वाले नक्सलियों और हिंसा पीड़ित परिवारों को मिलेगा। आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है। उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा में जुड़े। आत्मसमर्पण करने वालों को अच्छी सुविधाएं दी जाएं। गृह मंत्री विजय शर्मा भी असम गए थे। पुनर्वास नीति वहां कैसी है यह देखा गया। नक्सली गोलीबारी की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। उनको प्रधानमंत्री आवास से लेकर रोजगार तक देंगे। मैं हाल ही में बीजापुर गया था, वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जो नक्सल पीड़ित परिवार के लोग थे, उन्हें नौकरी दी गई है।

### नक्सलियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक बढ़ेगी

अमित शाह और सीएम साय की बैठक में संकेत मिले हैं कि, घुसकर मारने वाला एक्शन छत्तीसगढ़ पुलिस जारी रखेगी। जिस तरह सेना ने पाकिस्तान के एरिया में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया, वैसे ही यहां स्थानीय पुलिस और पैरा-मिलिट्री फोर्स नक्सलियों के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई करेगी। प्रदेश सरकार की ओर से अमित शाह को बताया गया कि, हमारी सरकार ने डिफेंसिव नीति को बदलकर आक्रामक नीति अपनाई है। आने वाले दिनों में दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंप खोले जाएंगे। यह कैम्प वहां होंगे, जो गांव नक्सलियों का इलाका माना जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र से कहा कि, यह स्ट्रैटजी इसलिए है, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

**बीजेपी की जीत के बाद अमित शाह का राहुल पर वार**

# विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबक

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है।




भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चाहे केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी जी का चुनकर आना हो या हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार का बनना, यह दर्शाता है कि भारतीय राजनीति में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रदर्शन की राजनीति के नए युग की शुरुआत की है, उसमें जनता का अटूट विश्वास है।पहले लोकसभा चुनाव में और अब हरियाणा में, वोट लेने के लिए झूठे और हवाई वादे करने वाली कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और जमीन पर डिलीवर करने वाली भाजपा के साथ जनता चट्टान की तरह खड़ी है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की यह निरंतर विजय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी नीतियों पर जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश दर्शाता है कि कांग्रेस की विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति को हरियाणा की जनता ने सिरे से नकारा है। प्रदेश में पहली बार किसी राजनीतिक दल ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत की हैट्रिक मोदी जी के जनकल्याण, विकास और सुशासन को जनता का प्रचंड समर्थन है।

## नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है : सीएम यादव

नई दिल्ली, । मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उनके पुनर्वास और विकास संबंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और देशभर में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम चरणों में हैं । डॉ यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे । इसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद निरोधक नीतियां बनाई जा रही हैं । अलग–अलग राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है, ये नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है । शाह ने भी कहा है कि हर तरफ कानून का राज स्थापित करना है । मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में कहा कि राज्य में पिछले दो साल में नक्सलियों के खिलाफ जितनी भी कार्रवाई हुई है, उतनी पिछले 30 साल में नहीं हुई । केंद्र सरकार ने भी इस बात को माना है । नक्सलवाद का पूरा तरह खात्मा होना चाहिए । इसके साथ ही विकास के आयाम भी स्थापित किए जा रहे हैं । सीमावर्ती प्रदेश छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के संबंध में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद फला–फूला । अब सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वहां इसका सफाया हो रहा है । पड़ोसी राज्य होने के नाते मध्यप्रदेश भी इस मुद्दे को लेकर सतर्क है ।

# जम्मू-कश्मीर में रुझानों के बीच अब्दुल्ला का ऐलान, उमर बनेंगे सीएम

**– लोगों के दिए जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए**

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में मतगणना जारी है लेकिन इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव परिणामों के रुझानों के बीच बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है, उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें पांच अगस्त को लिया गया फैसला मंजूर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के सीएम होंगे।



बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को चुनावी रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना रखी है जबकि बीजेपी 28 सीट पर आगे है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और बीजेपी की झोली में अब तक दो-दो सीट आई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी रुझानों के मुताबिक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) केंद्र शासित प्रदेश में दो सीट पर, सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस दो सीट पर जबकि निर्दलीय उम्मीदवार छह सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों से पता चलता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 43 सीट पर आगे है जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस सात सीट पर आगे चल रही है। रुझानों में नेकां के उसके प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने पर पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए।

अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। जो भी हो, पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। जनादेश के साथ कोई धोखेबाजी नहीं होनी चाहिए। अगर जनादेश बीजेपी के खिलाफ है, तो बीजेपी को कोई जुगाड़ या अन्य कोई चाल नहीं चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजभवन और केंद्र को लोगों के फैसले को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह हमने संसदीय चुनावों में किया था। उमर अब्दुल्ला सात दौर की गणना के बाद बडगाम विधानसभा सीट से 8,500 से ज्यादा मतों से आगे चल रहे हैं जबकि गांदरबल में वह छह दौर की गणना के बाद 5 हजार से ज्यादा वोट से बढ़त बनाए हुए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता नजीर अहमद खान ने बीजेपी के फकीर मोहम्मद खान को हराकर लगातार चौथी बार गुरेज विधानसभा सीट से जीत हासिल कर ली है।

# असम में आनलाइन शेयर कारोबार घोटाला मामलों की जांच सीबीआई ने संभाली: हिमंत

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे राज्य भर में दर्ज ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के 41 मामलों की जांच आधिकारिक तौर पर संभाल ली है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ऑनलाइन शेयर कारोबारघोटाले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए, हमने भारत सरकार से सभी 41 पंजीकृत मामलों को औपचारिक रूप से सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था।'' राज्य के मुख्यमंत्री शर्मा के पास राज्य का गृह प्रभार भी है।

उन्होंने कहा, ''सीबीआई आधिकारिक रूप से इस मामले को अपने हाथ में ले रही है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी कि जल्द से जल्द न्याय मिले।'' राज्य में ऑनलाइन कारोबार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रकाश में आया था, जब 29 वर्षीय दीपांकर बर्मन की कंपनी में भारी मात्रा में धन लगाने वाले निवेशकों ने शिकायत की कि उसने उन्हें उचित रिटर्न नहीं दिया है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। वह फिलहाल फरार है।

शर्मा ने कहा था कि असम मंत्रिमंडल ने सितंबर में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के संबंध में तब तक दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव रवि कोटा ने भी इस मामले पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से चर्चा की, जिन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी मामलों को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी। कई कंपनियों ने कथित तौर पर राज्य भर के लोगों से इस वादे पर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाये कि उन्हें शेयर बाजारों में निवेश करके भारी रिटर्न मिलेगा। इन कंपनियों के प्रवर्तक में से ज्यादातर युवा हैं।



हालांकि, पिछले कुछ महीनों में ये कंपनियां निवेशकों को रिटर्न चुकाने में विफल होने लगीं। घोटाले के सिलसिले में अब तक 65 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत जिलों में दर्ज मामलों की जांच के लिए 14 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किये गए हैं। घोटाले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों में एक असमिया अभिनेत्री, कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सुमी बोरा और उसका फोटोग्राफर पति तार्किक बोरा शामिल हैं।

# सुबह ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां.... दोपहर होते-होते कांग्रेस ऑफिस में सन्नाटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी 50 के आंकड़े के करीब पहुंच गई है, वहीं कांग्रेस को 36 सीटें मिलती दिख रही हैं, मगर शुरुआत में यह रुझान नहीं थे। सुबह 8 बजे वोटों की गिनती के साथ कांग्रेस ने अच्छी खासी बढ़त बनाई हुई थी, शुरुवाती रुझान में आंकड़ा 55 को पार कर गया था। शुरुआती रुझानों को देखकर कांग्रेस के मुख्यालय में मिठाइयां तक बंटना शुरू हो गई थीं, सभी नेता और कार्यकर्ता ये मान चुके थे कि हरियाणा में जीत हमारी हो रही हैं। इसके ठीक 1 घंटे बाद तस्वीर ही बदल गई। रेस में पिछड़ती भाजपा तीसरी बार सरकार बनाती दिख रही है। वहीं कांग्रेस दफ्तर से लोग गायब हैं, और सन्नाटा सा पसर गया है।

वोटों की गिनती बुधवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुई। पहले दो घंटे के शुरुआती रूझान यह




इशारा कर रहे थे कि 10 साल बाद कांग्रेस के सिर ही जीत का सहरा बंधेगा। उस समय कांग्रेस 55-59 सीटें, वहीं बीजेपी को 16 सीटें मिलती दिख रही थीं। कांग्रेस के बड़े नेताओं में पवन खेड़ा, जयराम रमेश सहित कई दिग्गज दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां भी बांटनी शुरू कर दी थीं,लेकिन कुछ देर बाद ही परिणाम बीजेपी के पक्ष में जाते दिखे।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। एक समय जीत का दावा करने वाली कांग्रेस के लिए अगले 1-2 घंटे में कहानी बदल गई। 16 सीटों पर सिमटती दिख रही बीजेपी ने पूरी बाजी पलट दी। भाजपा 49 सीटों पर आगे है , तब वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 50 से घटकर 36 पर पहुंच गया है। पार्टी के बाहर जश्न की तैयारियां शुरू कर देने वाले लोग अब गायब दिख रहे हैं। इस वक्त कांग्रेस मुख्यालय के बाहर रूझानों में पलटी का असर साफ दिख रहा है। पार्टी दफ्तर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## नाम परिवर्तन

ओम प्रकाश पुत्र साधु सिंह, जी-156 सेक्टर-56 नोएडा जीबी नगर 201301 (यूपी) मैंने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदल दिया है, भविष्य में मुझे नए नाम राम प्रकाश सिंह से जाना जाएगा।

# गोदरेज गोदाम में भीषण आग

## 3KM तक दिखा धुआं, AC-फ्रीज कंप्रेसर फटने से धमाके; 10 करोड़ का नुकसान

**लखनऊ ।** में गोदरेज और पैनासोनिक के गोदाम में आग लग गई। पलभर में आग ने विकराल रूप ले लिया। 3 किलोमीटर दूर से धुआं दिखाई पड़ा। इससे आसपास के एरिया में हड़कंप मच गया। घटना सुबह 5 बजे सैरपुर थाना के बगल में हुई। थोड़ी देर में पुलिस पहुंच गई। आसपास का एरिया खाली कराया गया। गोदाम में रखे एसी, फ्रिज जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों का कंप्रेसर फटने से तेज धमाके सुनाई दिए, जिससे अफरातफरी मच गई। बुलडोजर से दीवार तोड़कर रास्ता बनाया गया। फिलहाल, आग बुझाने में दमकल की 12 से अधिक गाड़ियां और हाइड्रोलिक मशीन लगाई गई। 5 घंटे तक गोदाम धधकता रहा। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है। गोदरेज गोदाम के मालिक ने बताया



कि हादसे में 10 करोड़ का नुकसान हुआ है।लखनऊ के गोखले मार्ग निवासी मालिक मयंक सेठ ने बताया कि उन्होंने फराह सिद्दीकी से यह गोदाम किराए पर लिया था। यहां पर गोदरेज और पेनासोनिक का इलेक्ट्रानिक सामान रखा था। इसमें फ्रिज, कूलर, टीवी, वाशिंग मशीन, एसी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम थे। ज्यादातर आग से जल गए हैं। उन्होंने कहा- पीक सीजन होने की वजह से हमेशा की अपेक्षा से कई गुना ज्यादा सामान रखा जाता है। आग से कितना नुकसान हुआ। यह बाद में पता चलेगा, लेकिन गोदाम में करोड़ों का सामान भरा था। बताया जा रहा है कि करीब 10 करोड़ रुपए का जलकर नष्ट हो गया है।धमाके की आवाज से दहला

### धमाके की आवाज से दहला इलाका



**जानकारी के मुताबिक गोदाम करीब 500 वर्गमीटर एरिया में बना हुआ है। आग लगने के बाद जब एसी, फ्रिज का कंप्रेसर फटने लगा तो धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। आग को बुझाने के लिए हजरतगंज, चौक, पीजीआई, बीकेटी, इंदिरा नगर और आलमबाग फायर स्टेशन आदि की गाड़ियां पहुंची। वहीं, हजरतगंज से हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मंगाया गया, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि गोदाम रिहायशी इलाके के बीच में था,**

इलाका जानकारी के मुताबिक गोदाम करीब 500 वर्गमीटर एरिया में बना हुआ है। आग लगने के बाद जब एसी, फ्रिज का कंप्रेसर फटने लगा तो धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। आग को बुझाने के लिए हजरतगंज, चौक, पीजीआई, बीकेटी, इंदिरा नगर और आलमबाग फायर स्टेशन आदि की गाड़ियां पहुंची। वहीं, हजरतगंज से हाइड्रोलिक प्लेटफार्म मंगाया गया, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि गोदाम रिहायशी इलाके के बीच में था, इसलिए आग बुझाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा।लखनऊ के लाटूश रोड पर इलेक्ट्रॉनिक्स गोदाम में लगी भीषण आग को बुझाने में 29 घंटे लगे। गुरुवार सुबह 9 बजे आग लगी और शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे इस पर काबू पाया जा सका।फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों ने 100 से ज्यादा चक्कर लगाए। इस ऑपरेशन में देर रात DRF टीम भी उतारी गई।

## डॉ0 पीयूष सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में मंगलवार को उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 पीयूष सिंह के जन्मोत्सव पर महाविद्यालय के छात्रावास परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ0 नरेंद्र त्रिपाठी, शिव प्रकाश पांडेय, ऐश्वर्य पाठक, डॉ0 शम्भू प्रसाद, डॉ0 विश्वम्भर प्रजापति, ओम नारायण, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 आशुतोष सिंह, साक्षी मिश्रा, ब्यूटी तिवारी, सत्य प्रकाश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## उपायुक्त उद्योग ने आद्यौगिक इकाई का निरीक्षण कर समस्या समाधान का दिया आश्वासन

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** देवरिया मार्ग पर सिसवा - महन्थ चैराहे के समीप स्थित आद्यौगिक इकाई का निरीक्षण उपायुक्त उद्योग कुशीनगर अभय कुमार सुमन ने किया। मंगलवार को शाम को आद्यौगिक इकाई सिसवा - महन्थ का निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त उद्योग कुशीनगर अभय कुमार सुमन ने आद्यौगिक परिसर का घूमकर घूमकर निरीक्षण किया और यहां सक्रिय लघु उद्योग इकाईयों को देखा। उनके द्वारा उत्पादन, विक्रय, रोजगार सृजन की जानकारी ली और उनके कार्यो की प्रशंसा की। उद्यमियों से उनकी समस्याओं को लेकर वार्ता की।



मौके पर मौजूद उद्यमी दाऊद खान, अशोक कुमार दुबे, प्रमोद सिंह ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या जलनिकासी की है। मुख्य मार्ग किनारे नाली बन जाने से परिसर की नालियों के पानी बाहर की नाली में गिर जाएगा। बताया कि आद्यौगिक क्षेत्र के पूरब की ओर पिछले वर्ष बनी बाउंड्री 80 मीटर हाल ही में आई बरसात में भरभरा कर गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से उसे निर्मित कराया जाय । उद्यमियों ने सबसे बडी समस्या विद्युत कटौती को बताया। कहा कि विद्युत नियमित उपलब्ध न होने से उद्योग पर प्रभाव पड़ रहा है। कुछ ने बताया कि विभाग द्वारा स्वीकृत ऋण फाइलों बैक कोई न कोई बहाना बना कर खारिज कर दे रहे हैं। पैसे के अभाव में फाउंडेशन तैयार होने के बाद भी उद्योग नहीं लग पा रहा है। उपायुक्त श्री सुमन ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त श्री सुमन ने निष्क्रिय उद्यमियों से कहा कि वे अपना कार्य शुरू करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उद्यमी अरूण कुमार मिश्रा, बलराम सिंह कुशवाहा, राम तपस्या पाण्डेय, मंटू कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार यादव, आलोक कुमार, सुनील कुमार तिवारी, अभिराम यादव, विजय साहनी आदि मौजूद रहे।

## कोई भी बच्चा भीख मांगता नजर न आए

**बस्ती।** जिले में मंगलवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने महिला अस्पताल और वन स्टाफ सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला अस्पताल में स्टाफ नर्सों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रसूताओं को केवल उपचार ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दें, ताकि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान बेहतर तरीके से रख सकें। उन्होंने अस्पताल में अन्य जरूरी निर्देश भी दिए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वन स्टाफ सेंटर के निरीक्षण के दौरान चारू चौधरी ने कहा कि जिले में कोई भी बच्चा भीख मांगता नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे सरकार की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सेंटर के स्टाफ को निर्देशित किया कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही



योजनाओं से इन बच्चों और उनके परिवारों को जोड़ें, ताकि उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके और उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा, आज यहां कोई पीड़ित महिला नहीं थी और वन स्टाफ सेंटर पूरी तरह खाली था, लेकिन सफाई व्यवस्था बहुत अच्छी थी। यहां का स्टाफ काफी सहयोगी लगा।ः उन्होंने सेंटर के साइकोलॉजिस्ट और केस देखने वाली अधिकारियों को विशेष रूप से प्रेरणा पर ध्यान देने को कहा। चौधरी ने कहा, जो बच्चा यहां आता है, अगर वह यहां से निकलकर फिर से उसी काम में लग जाता है, तो सेंटर में आने का कोई फायदा नहीं है।इसलिए बच्चों और उनके परिवारों को इस तरह प्रेरित करें कि वे गलत राह पर वापस न जाएं। उन्हें शिक्षा और सरकार की फ्री योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ रमाशंकर दूबे, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ ए.के. वर्मा, सीओ डूडा सुनीता सिंह, डॉ तैयब अंसारी, महिला थानाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## कुलकुला स्थान में विराट कुश्ती प्रतियोगिता



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के प्राचीन कुलकुला भगवती स्थान पर कुलकुला स्थान सेवा सामिति द्वारा दशहरा मेला के अवसर पर आज 9 अक्टूबर दिन बुधवार समय अपरान्ह 2 बजे से विराट कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित है।उक्त जानकारी सामिति के संरक्षक और कुण्डवा स्टेट के कुंवर नरेंद्र कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि नवरात्र पूजन एवं दशहरा मेला के अवसर पर 10 अक्टूबर गुरुवार को निशा पूजन सायँ 7 बजे से, 11 अक्टूबर शुक्रवार को सामूहिक हवन सुबह व भंडारा अपरान्ह 2 बजे से, 12 अक्टूबर शनिवार को रावण दहन और मेला का आयोजित है।

## एक ही कमरे में पांच कक्षाएं और दो आंगनबाड़ी केंद्र

**बस्ती।** जिले के गौर विकास क्षेत्र के चकचई गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय की दुर्दशा बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। यहां तैनात दो शिक्षकों की कोशिशें भी व्यवस्था की खामियों के आगे बेमानी साबित हो रही हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस स्कूल में एक ही कमरे में कक्षा एक से लेकर पांच तक के बच्चों को पढ़ाया जाता है। इतना ही नहीं, उसी कक्ष में दो आंगनबाड़ी केंद्र भी चल रहे हैं, जिससे शिक्षा का माहौल पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शिक्षा के अधिकार पर सवाल इस विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। ऐसे में बच्चों और शिक्षकों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए या तो घर लौटना पड़ता है या फिर खेतों का रुख करना पड़ता है। खेल के मैदान की स्थिति भी दयनीय है, जहां खेल की जगह भैंसें बंधी होती हैं और गंदगी का आलम है। बच्चों के लिए खेलना तो दूर, वहां खड़ा होना भी खतरे से खाली नहीं है। स्कूल के विकास में सबसे बड़ी अड़चन भूमि विवाद है। जांच करने पर पता चला कि विद्यालय की भूमि को लेकर विवाद चल रहा है, जो स्कूल के विकास में बाधा बन गया है। विभागीय अधिकारियों ने स्कूल के लिए जो जमीन आवंटित की थी, वह लो-लैंड (निचली भूमि) में है, जिससे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। कभी बच्चों से गुलजार रहने वाला यह विद्यालय अब केवल नाममात्र के छात्रों से चल रहा है, क्योंकि इसकी बदहाली के कारण अभिभावक अपने बच्चों को अन्य स्कूलों में भेजने लगे हैं।

## मस्जिद के सामने डीजे बजाने पर बवाल दुर्गा की मूर्ति लेकर जा रहे थे



**गोरखपुर।** में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा लेकर जा रहे श्रद्धालुओं पर कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। घटना रात करीब 10 बजे की है। श्रद्धालु मस्जिद के पास से गुजर रहे थे, इस दौरान गैर-हिंदू युवकों ने डीजे बजाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने साउंड सिस्टम का तार तोड़ दिया। जब श्रद्धालुओं ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की और पांच लोगों के मोबाइल तोड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही भटहट चौकी के प्रभारी शशि किरण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की। लेकिन हालात बिगड़ते देख श्रद्धालुओं ने दुर्गा प्रतिमा को वहीं रोक दिया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रतिमा स्थापित करने से इनकार कर दिया। घटना गुलरिहा के थाना क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग गांव की है।

हर साल गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कराते हैं स्थानीय निवासी ध्यानचंद मद्धेशिया ने बताया,वो हर साल गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कराते हैं। इस साल भी वह जंगल डुमरी नंबर एक के तेतरिया टोले से प्रतिमा लेकर गाजे-बाजे के साथ आ रहे थे। जैसे ही यात्रा मस्जिद के पास पहुंची। कुछ गैर-हिंदू युवक ट्राली पर चढ़ गए और हंगामा करते हुए साउंड सिस्टम का तार काट दिया। जब श्रद्धालुओं ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके मोबाइल फोन तोड़ दिए और मारपीट करने लगे।

स्थिति बिगड़ने के बाद श्रद्धालुओं ने तुरंत प्रतिमा को रोक दिया और पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया आश्वासन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराने की कोशिश की। फिलहाल, स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, और श्रद्धालु कार्रवाई होने तक प्रतिमा स्थापित करने को तैयार नहीं हैं। पुलिस की कोशिश है कि श्रद्धालुओं को मनाकर जल्द से जल्द प्रतिमा स्थापित कराई जाए ताकि गांव में शांति बनी रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर नानपारा के युवक ने कि अभद्र टिप्पणी देश का माहौल खराब करने की कोशिश



**संस्कार उजाला**

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**नानपारा बहराइच** – नानपारा में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले के विरुद्ध गिरफ्तारी की मांग कस्बे में मुस्लिम समुदाय के लोगों में फैला आक्रोश। भारी संख्या में पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी गढ़ मौजूद। आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मुस्लिम समाज हुआ गुस्सा घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, एसडीएम नानपारा अश्विनी कुमार पांडे, तहसीलदार नानपारा नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक रुपैडिहा सहित तीन थानों की फोर्स ने कस्बे में किया फ्लेग मार्च,, आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक जय रस्तोगी पुत्र महेंद्र निवासी गांधी पार्क नानपारा के विरुद्ध मुकदमा किया गया पंजीकृत धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले युवक पर प्रशासन ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया,, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी व उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नानपारा प्रदीप कुमार सिंह ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। शहर में धारा 144 लगा दी गई है। लोगों को बताया गया है की भेदभाव की भावना को छोड़िए सभी लोग अपने–अपने घरों शांतिपूर्वक जाएं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालो पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल प्रशासन और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। इस मौके पर एडिशनल एसपी ग्रामीण ने बताया कि धार्मिक उत्पाद फैलाने तथा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में आरोपी के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इस मौके पर एसडीएम नानपारा अश्वनी कुमार पांडे, तहसीलदार नानपारा नायब तहसीलदार नानपारा थाना नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक, तथा थाना रुपैडिहा के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह पुलिस कर्मियों सहित कस्बे में फ्लैग मार्च कर आम लोगों को सुरक्षा का कराया एहसास। वहीं दूसरे दिन जनपद बहराइच पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया के नानपारा में जो घटना हुई जिस वायरल पोस्ट की बात की जा रही थी जिसमें समुदाय विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। उसमें अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था और उसमें अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन जो कल कानून व्यवस्था बिगड़ने की कोशिश की गई है उसको भी बहुत गंभीरता से लिया गया है जो हमारे पास सारे साक्ष्य वीडियो उपलब्ध हैं उसमें से लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध भी ठोस कार्रवाई की जाएगी।और सभी धर्म के लोगों से अपील की आप लोग आपसी शांति बनाए रखें।

### समाज हित में बिना दबाव के सच्ची बात करते रहना ही सच्ची पत्रकारिता :अब्दुल शाहिद



**संस्कार उजाला**

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**अयोध्या।** दैनिक परफेक्ट मिशन के कार्यकारी संपादक एवं पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम पाठक के अयोध्या आगमन पर पत्रकार प्रेस क्लब बहराइच के जिलाध्यक्ष जनाब अब्दुल शाहिद अयोध्या की पावन धरती पर पहुंचकर गंगा जमुनी की तहजीब का परचम लहराते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री पाठक जी को गुलाब के फूल का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान बहराइच जिला संगठन मंत्री मोहम्मद इरशाद, पीपीसी के अनस इम्तियाज,डॉ अब्दुल खबीर,डॉ उदय कुमार वर्मा डॉ अरविंद पटेल, वाराणसी के जिला सचिव जितेंद्र अग्रहरि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम पाठक जी ने कहा कि बिना दबाव के सच्ची बात समाज हित में करते रहना ही सच्ची पत्रकारिता है। समाज के बीच जाकर वास्तविकता जानने और उसे प्रस्तुत करना ही पत्रकारिता का सबसे प्रमुख आयाम है। इसी से प्रतिष्ठा मिलती है। समाज हित में यह आवश्यक है कि देश और समाज को जोड़ने वाली बातों को प्रमुखता से प्रचारित करें। वही पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष बहराइच अब्दुल शहीद ने कहा कि यह भारत के आगे बढ़ने का समय है। यह अवसर हाथ से जाना नहीं चाहिए, हम सब लोगों को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए। ऐसे में मीडिया की ज़िम्मेदारी है कि वह अर्थहीन और विभेद पैदा करने वाली बातों को अपने विवेक से तय करें कि उसे कितना स्थान दें। गलत लोगों को समाज में प्रतिष्ठा ना मिले, यह ध्यान रखें। सच्ची बात करते रहना ही सच्ची पत्रकारिता है।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नानपारा में समाज के सभी वर्गों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ की गयी समन्वय बैठक




**संस्कार उजाला**

**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**नानपारा बहराइच** नानपारा दिनांक 08.10.2024 को जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा कल दिनांक 07.10.2024 को सोशल मीडिया पर समुदाय विशेष के पैगम्बर मोहम्मद साहब पर की गयी अभद्र टिप्पणी के पश्चात मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़कों पर आकर विरोध प्रदर्शन करने के बावत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व समाज में माहौल खराब न करने हेतु कस्बा नानपारा के सभी वर्गों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ थाना नानपारा में शान्ति समन्वय बैठक की गयी। महोदय द्वारा बताया गया कि उक्त प्रकरण में अभियोग पंजीकृत करके पुलिस द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लिया जा चुका है। साथ ही बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की पहल बहुत निन्दनीय है तथा कल की घटना को अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक लिया गया है। इस प्रकार भीड़ को जमा कर उसे उकसाने तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिसके क्रम में आज थाना नानपारा में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। सभी सुमदायों के लोगों से अपील है कि आप सभी लोग आपसी सौहार्द बनाये रखें व पुलिस को जनपद में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। वर्तमान में चल रहे त्यौहारों व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी समुदायों के धर्मगुरुओं का यह दायित्व है कि प्रत्येक धर्म का आदर करें व त्यौहारों को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सहयोग करें। `बैठक में अपना दल के विधायाक रामनिवास वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नानापारा श्री प्रद्युम्न सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा व कस्बा नानपारा के सभी धर्मों के सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे ।

# भारत सरकार की कोल इंडिया लिमिटेड ने इनोवेशन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए स्कूल बैग विथ एजूकेशनल डेस्क किए वितरण

### सांसद श्री डॉ०लक्ष्मीकांत वाजपेई के अथक प्रयासों से एक अद्भुत और लाभदायक कार्यक्रम की शुरूआत: सांसद प्रतिनिधि

*सरकार के मंशानरूप जनपद के सभी सरकारी स्कूलों का किया जा रहा है आधुनिकीकरण: मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशू गौतम

*जनपद में शिक्षा के स्तर में हो रहे हैं अच्छे सुधार: बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋतु तौमर



संस्कार उजाला

**हापुड़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम 2023 जिसके अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर बच्चों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। हमारे प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माननीय सांसद श्री डॉ०लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा) एवं राज्यसभा सांसद के अथक प्रयासों से भारत सरकार की कोल इंडिया लिमिटेड ने इनोवेशन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्यक्रम में अपने संसदीय क्षेत्र के बच्चों के लिए एक अद्भुत और बहुत ही लाभदायक कार्यक्रम की शुरूआत की। जनपद हापुड़ में बच्चों की उत्तम शिक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वितरण कार्यक्रम समारोह का उद्घाटन किया गया। कोल इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं यूनिसेड के सम्मिलित प्रयासों से बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास पर ध्यान दिया गया और इस तरह का विशेष स्कूल बैग विकसित किया जो कि ग्रामीण अंचल में पढ़ रहे बच्चों के लिए यह बैग बहुत ही लाभकारी साबित होगा। यूनीसेड संस्था भारत के लगभग 22 राज्यों में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और छात्रों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। श्री अवनीश त्रिपाठी, वरिष्ठ नीति सलाहकार और अध्यक्ष-यूनिसेड संस्था के अथक प्रयास से यह बैग बच्चों को सही रूप से बैठकर पढ़ने के लिए है जो कि बच्चों की रीढ़, मस्तिष्क और आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाने में मददगार साबित होगा। आंखों की रोशनी पर कोई भी दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस कार्यक्रम को कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री पी.एम.प्रसाद, कार्यकारी निदेशक रेनू चतुर्वेदी जी द्वारा उत्तर प्रदेश में लाने में बहुत मदद की गई है। माननीय सांसद जी कार्यालय से कार्यक्रम में श्री संजय त्यागी, श्री विजेंदर कुमार, श्री जय प्रकाश, विनीत गर्ग, सरदार बृजपाल सिंह, श्री अजय त्यागी, श्री गौरव अग्रवाल और कोर्डिनेटर श्री अनमोल खन्ना उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशू गौतम ने कहा कि सरकार के मंशानरूप जनपद के सभी सरकारी स्कूलों का आधुनिकीकरण किया रहा है, जिसके लिए हम लगातार अग्रसर है। हम सरकार की योजनाओं एवं मंशा के अनुरूप स्कूलों का सुदृढ़ीकरण, सौन्दर्यकरण कराया जा रहा हैं। सभी स्कूलों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय सहित स्मार्ट बोर्ड, कम्प्यूटर आदि की सुविधाएं की जा रही है। समय–समय पर मेरे एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किये जा रहे है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋतु तौमर ने कहा कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सरकार की तरफ से जो प्रयास किये जा रहे उन पर हम शत प्रतिशत कार्य रहे हैं। हमारे द्वारा समय–समय पर विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है, जिस दौरान स्कूल की स्वच्छता, सुन्दरता, स्कूल में आवश्यक सामाग्री की जानकारी, मूलभूत सुविधाएं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति परीक्षा परिणाम आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। निरीक्षणों से पता चलता है कि शिक्षा के स्तर में अच्छे सुधार हो रहे हैं। कोल इंडिया लिमिटेड के प्रयास यूनिसेड भारत की एक अग्रणी संगठन विकसित भारत के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विभिन्न आईआईटी के साथ देश भर में सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए नवाचारों की शुरूआत करते हुए ग्रामीण, वंचित, कमजोर वर्ग के जीवन को बदलने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कोल इंडिया लिमिटेड और यूनिसेड संस्था की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए जिसके अन्तर्गत ही माननीय सांसद डॉ० लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा) एवं राज्यसभा सांसद, उत्तर प्रदेश सरकार के सौजन्य से कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यूनिसेड संस्था ने निपुण भारत कार्यक्रम के समर्थन में सही बैठने और पढ़ने से बच्चों की रीढ़, मस्तिष्क और आंखों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित शैक्षिक डेस्क के साथ इनोवेटिव स्कूल बैग (पेटेन्ट संख्या 287945 ) बच्चों के लिए के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में वितरण गया है। इस कार्यक्रम के लाभ: यह कार्यक्रम बच्चों के लिए स्कूल और घर दोनों जगह उपयोगी हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के पढ़ने और लिखने के समय को बढ़ाने में मदद करता है। परिसंचरण में कमी जिसके कारण सुन्नता और मांसपेशियों की ताकत संबंधी समस्याएं होती हैं। यह कार्यक्रम बच्चों में रक्त संचार के लिए उपयोगी है। यह कार्यक्रम बच्चों में रीढ़ की हड्डी की समस्या से बचने में मदद करता है। यह कार्यक्रम बच्चों की आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यह कार्यक्रम बच्चों को कई तरह से मदद करता है उदाहरण धुंधली दृष्टि या आंखों पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, आंखों पर तनाव या थकान, सिरदर्द, गर्दन, कंधे और पीठ में दर्द, गर्दन या रीढ़ की हड्डी का गलत संरेखण सुधार करके कई तरह से मदद करता है।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय ततारपुर एवं कंपोजिट विद्यालय मुरादपुर विकासखंड सिंभावली का किया औचक निरीक्षण

### छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता पर दे विशेष ध्यानहिमांशु गौतम

☛कंपोजिट विद्यालय परिसर में विद्युत लाइन के जर्जर खंबे को तत्काल बदलने के दिए निर्देश*सीडीओ



संस्कार उजाला

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के कुशल नेतृत्व में कार्य करते हुए हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ द्वारा प्राथमिक विद्यालय ततारपुर एवं कंपोजिट विद्यालय मुरादपुर विकासखंड सिंभावली का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय ततारपुर में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता परखी। प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था सही पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय में छात्रछात्राओं को दिए जाने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। इसके उपरांत कंपोजिट विद्यालय मुरादपुर विकासखंड संभवाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डॉक्टर हरित कुमार खंड विकास अधिकारी सिंभावली शिवम पांडे सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ग्राम प्रधान उपस्थित थे। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक गण उपस्थित मिले। सीडीओ ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। कक्षा एवं विद्यालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। विद्यालय परिसर में घास फूस हो रही थी जिसे ठीक करने के निर्देश दिए गए। कमरे के बाहर बरामदे में टाईल टूटी एवं टोटी टूटी हुई थी जिसको ठीक करने हेतु प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालय परिसर में 11000 की लाइन जा रही है जिसका खंबा जर्जर अवस्था में है को सही कराने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गढ़मुक्तेश्वर को निर्देश दिए गए कि वह तत्काल नियम अनुसार खंबे को बदलवाने सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त डायरी


### गांव अटूटा में प्राचीन मंदिर पर आचार्य धर्मेश ने पांच ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ भगवान खाटू श्याम की मूर्ति की कराई प्राण प्रतिष्ठा



संस्कार उजाला

**हापुड़/** हापुड़ तहसील के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव अटूटा में स्थित प्राचीन मंदिर पर मां चामुंडा की पूजा अर्चना के उपरांत भगवान खाटू श्याम की संपूर्ण गांव में ग्रामीणों के सहयोग सानिध्य में विशाल शोभा कलश यात्रा निकल गई। और भगवान खाटू श्याम की मूर्ति को संपूर्ण गांव का भ्रमण कराने के बाद मंदिर के पुजारी आचार्य धर्मेश ने पांच ब्राह्मण के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना मंत्रोच्चारणप्राण के साथ प्राचीन मंदिर में भगवान खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराने के साथ सभी श्रद्धालु भक्त जनों ने भगवान खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर नवरात्रि के चलते धर्म लाभ उठाया। आचार्य धर्मेश ने बताया कि गांव अटूटा में स्थित प्राचीन मंदिर में भगवान श्री राम, शिव भोलेनाथ, मां दुर्गा, हनुमान जी शनिदेव महाराज की मूर्तियां पहले से विराजमान है। जिसके चलते गांव के सभी श्रद्धालु धर्म प्रेमियों के सहयोग सानिध्य में भगवान खाटू श्याम की शोभा कलश यात्रा धूमधाम से निकालने के उपरांत मंदिर में पंच ब्राह्मण के द्वारा भगवान खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई हैं। मंदिर मे भगवान खाटू श्याम की मूर्ति स्थापना की शोभा कलश यात्रा के अवसर पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र, बंटी चौधरी,मनवीर सिंह, गुरबचन प्रजापति, संदीप शर्मा ,वीरेंद्र उर्फ करी,पूर्व प्रधान होशियार सिंह, भगवान खाटू श्याम की शोभा कलश यात्रा की कवरेज करने के साथ पत्रकार भाई राजेंद्र सिंह,सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

### दो दलालों ने गरीब मजदूर युवक को तीस हजार पांच सौ के यातायात ट्रैफिक चालान कर्ज युक्त ऑटो देकर 77000 का लगाया चूना पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार



संस्कार उजाला

**गढमुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव निवासी गरीब मजदूर पीड़ित युवक ने अपने साथ हुई घटित घटना को लेकर दो दलालों पर यातायात ट्रैफिक पुलिस के 30500 के चालान युक्त ऑटो दिलाकर 77000 की ठगी करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बता दे की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दतियाना निवासी संजय पुत्र ईश्वर ने थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि गांव माधापुर निवासी रविंद्र पुत्र विशाल सिंह श्री चंद पुत्र मूलचंद के द्वारा लगभग 2 वर्ष पूर्व अपने परिचित अहमद हसन पुत्र रहमत निवासी मुबारिकपुर से एक थ्री व्हीलर ऑटो उसको 77000 में दिलवाया था। जिसके चलते लेते समय तीनों लोगों ने स्टांप पर नोटरी करने के साथ लिखवाया था। कि आज दिनांक 22 3 2022 से पहले इस ऑटो थ्री व्हीलर पर कोई भी वाद विवाद सरकारी कर्ज होने की जिम्मेदारी अहमद हसन पुत्र रहमत की होगी। और आज के बाद संजय पुत्र ईश्वर निवासी दतियाना की होगी। लेकिन ऑटो थ्री व्हीलर पर पीड़ित के द्वारा खरीदने से पूर्व के 30500 के ट्रैफिक यातायात पुलिस के चालान ऑनलाइन आ रहे हैं। जिनको लेकर पीड़ित परेशान हैं और दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। जब पीड़ित संजय के द्वारा इन चलान को भुगतने के लिए दोनों दलाल और ऑटो मालिक अहमद हसन से कहा गया। तो उन्होंने पीड़ित को उल्टे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के साथ ऑटो चोरी करने के झूठे मुकदमे में फंसने की भी धमकी दें डाली जिसको लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।


### हापुड़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई कर लाखों रुपए के अवैध पटाखों के भंडार के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार



**हापुड़** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मार कार्यवाही कर लाखों रुपए के अवैध पटाखों सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि दीपावली से पूर्व ही अवैध पटाखों के कारोबार में लिप्त लोगों के द्वारा अवैध पटाखों की सप्लाई करने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। जिसके चलते हापुड़ पुलिस ने मौहल्ला सिकंदर गेट में स्थित दो मकान पर अवैध पटाखे बनाने को लेकर मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए मौके से कासिम और मौहम्मद अजीब को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लाखों रुपए के पटाखे का भंडार बरामद किया है। वही इस मामले को लेकर को जितेंद्र शर्मा का कहना है कि शहर में अवैध पटाखों की सूचना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए दो लोगों को लाखों रुपए कीमत के पटाखों सहित गिरफ्तार किया गया है।जिनके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### धान के खेत में लगभग 12 फीट का विशाल का अजगर निकलने से खेत पर काम कर रहे मजदूरों में मचा हड़कंप

सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को हिरासत में लेकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा



संस्कार उजाला ब्यूरो

**हापुड़/बाबूगढ़** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपैडा के जंगल में धान के खेत में एक विशालकाय अजगर निकलने पर खेत पर काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर खेत पर पहुंचे खेत मालिक अजय पुत्र नवाब के द्वारा अपने धान के खेत में विशालकाय अजगर देख कर उनके होश उड़ गए। और आनंन फानन में सूचना वन विभाग की टीम को दी गई। जिसमें सूचना मिलते ही वन के रवि कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। इसके उपरांत खेत पर काम कर रहे मजदूरों ने राहत की सांस ली।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को दी जानकारी



संस्कार उजाला

**हापुड़।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के अंतर्गत आज दिनांक 8 अक्टूबर 2024 को जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमति स्मिता सिंह के दिशा निर्देश में कार्यक्रम संवाद राजकीय इंटर कॉलेज बड़ौदा में किया गया जिसमें बालक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कॉविड व सामान्य स्पॉन्सरशिप योजना, 1098,1090,181, पति की मृत्यु उपरांत व महिलाओं की चुनौतियों और उनके समाधानों पर विचार विमर्श किया गया साथ ही आवश्यकताओं के अनुसार उन्हें आवश्यक सहायताएं सुनिश्चित करने हेतु जानकारी दी गई तथा उक्त कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से सेंटर मैनेजर सोनिया काउंसलर रविता प्रोबेशन विभाग से सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू हुमा सभी उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम सबली में किया धान की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण



संस्कार उजाला

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के कुशल निर्देशन में आज मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने हापुड़ तहसील के ग्राम सबली में धान की क्रॉप कटिंग के प्रयोग का निरीक्षण किया। सीडीओ ने खेत की माप कराते हुए उपज को तुलवा कर भी देखा। जिसमें किसान राजबस के खेत में 12.550 किलोग्राम धान की उपज मिली। इस मौके पर सांख्यिकी अधिकारी नरेश कुमार, राजस्व निरीक्षक अमरपाल शर्मा, लेखपाल शान्ति व संबंधित किसान मौजूद रहे।

# वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत कछुवा विमोचन कार्यक्रम का हुआ आयोजन*डीएम

## गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से गंगा नदी में छोड़े गए कछुवे। प्रेरणा शर्मा

वन्यजीवों को बचाकर ही हम अपनी धरती को बचा सकते हैं। प्रेरणा शर्मा




संस्कार उजाला

**हापुड़।** आज पुष्पावती पुठ गढ़मुक्तेश्वर में वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत कछुवा विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया क कछुओ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उन्हें गंगा नदी में रिलीज किया गया । वन्य जीव प्राणी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने चित्रकला प्रतियोगिता का समापन एवं 175 कछुए के बच्चों का गंगा नदी में विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मानव और वन्यजीवों का जो संघर्ष दिखाई दे रहा है उसको हम सहअस्तित्व के सिद्धांत का पालन करके समाप्त कर सकते हैं क्योंकि इस पृथ्वी को बचाने में जीव जंतुओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका है उन्होंने कहा कि आज जिस कार्यक्रम में हम सम्मिलित हो रहे हैं यह हम सब का सौभाग्य है हापुड़ जनपद प्राकृतिक संसाधनों में भी आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने पुष्पावती पूठ में गंगा कन्वेंशन सेंटर एवं कछुआ की हैचरी लगाए जाने के लिए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन जिला गंगा समिति के सदस्य भारत भूषण गर्ग को दिया। प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा की 1955 से मनाया जा रहा वन्य जीव प्राणी सप्ताह हम सबके लिए एक विशेष पहचान रखता है इस कार्यक्रम में आप सब की सहभागिता आपका प्रकृति के प्रति प्रेम को दर्शाती है। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ से आई नीरा चौधरी ने बताया कि हापुड़ जनपद लगातार प्राकृतिक चीजों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है चाहे वह डॉल्फिन संरक्षण का विषय हो चाहे कछुआ के अंडों का रेस्क्यू का विषय हो चाहे घड़ियालों की बढ़ती संख्या हो इन सब के लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं जिला गंगा समिति सहित पर्यावरणविद भारत भूषण गर्ग का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 80 बच्चों ने भाग लिया जिनमें जूनियर हाई स्कूल बहादुरगढ़ महाराजा अग्रसेन सरस्वती शिशु मंदिर रेनबो पब्लिक स्कूल नेह नीड गुरुकुल पुष्पावती पूठ आदि के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया जिसमें प्रथम स्थान कशिश चौहान द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर जूनियर हाई स्कूल बहादुरगढ़ की बालिका रहीं। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी साक्षी शर्मा, नायब तहसीलदार पवन यादव, बीडीओ विजय यादव, अमित कुमार गंगा सेवक मूलचंद आर्य महेश केवट कलवा केवट जितेंद्र कुमार साइंटिस्ट जतिन कुमार वन क्षेत्राधिकारी करण सिंह जोगपाल सिंह संजीव कुमार विनोद कुमार नारायण सिंह लोधी कांति केवट कमल केवट आचार्य दिनेश कुमार शुभम चौहान प्रदीप कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही की मांग

खुटार क्षेत्र के एक युवक ने मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की उसके खिलाफ विश्व हिंदू परिषद ने खुटार थाने के गेट पर दिया धरना प्रदर्शन






संस्कार उजाला

**खुटार।** उत्तर प्रदेश हिंदू युवा संगठन के प्रदेश मंत्री कमल दीक्षित ने कहा कि साधु संतों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी पर पुलिस नहीं कर कोई कार्रवाई। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी कई घंटे हिरासत में होने के बाद भी बरती जा रही लापरवाही। जब तक आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता तब तक हिंदू संगठन उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहेंगें आधा घंटा तक धरना प्रदर्शन के बाद हिंदू संगठनों ने पुलिस के आश्वासन पर धरना किया समाप्त ,इस दौरान उत्तर प्रदेश हिंदू युवा संगठन के प्रदेश मंत्री कमल दीक्षित ,वैभव दिक्षित,अतुल शर्मा, लव भदोरिया, कमल दीक्षित। ,अजय बाजपेई, सितेश तिवारी भोले शुक्ला, राज भोजवाल, अमरदीप गुप्ता, वीरू शर्मा, संतोष तिवारी, वरुण, सत्येंद्र कुमार, गौरव कुमार, शैलेश कटारिया, सौरभ कुमार, सूरज गुप्ता, अनुराग सिंह, चेतू, जोश मिश्रा, अकुल शर्मा, चंचल , इत्यादि कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार खुटार

# भाकियू टिकैत ने किसानो की समस्याओं एवं क्षेत्र में गंगा किनारे अवैध खनन, प्रतिबंधित पेड़ों के कटान, फरियादियों के साथ अभद्रता को लेकर डीएम, एसपी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 11 अक्टूबर से बहादुरगढ़ थाने में अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी



संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ अमित शर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर**/भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष मेरठ मंडल युवा जीते चौहान के नेतृत्व में किसानों के अभिलंब गन्ना भुगतान, करने के साथ किसानो की ट्यूबवैलों पर विजिलेंस के छापे, सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं से एक्सीडेंट, से निजात दिलाने एवं क्षेत्र में गंगा के किनारे अवैध खनन, प्रतिबंधित पेड़ों का बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे। कटान,एवं थाने पहुंचने वाले पीड़ित फरियादियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के संबंध में पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के नाम गढ़मुक्तेश्वर उपजिला अधिकारी, साक्षी शर्मा को सौंपते हुए 11 अक्टूबर से बहादुरगढ़ थाना परिसर में अनिश्चित कालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में रफीक विशेष कुमार रवीश कुमार सेंसर सिंह कांक्षित सिलेक्शन सेवाराम सुशील सुभाष चंद्र सहित भारतीय किसान यूनियन के अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### दबंगों ने नाबालिग बेटी की आबरू बचाने पहुंचे पिता को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को किया गिरफ्तार




मृतक अजय की फाइल फोटो

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव में पूजा के लिए मंदिर गई। नाबालिग कक्षा 9 की छात्रा के साथ दबंगों के द्वारा छेड़छाड़ करने का विरोध करने पहुंचे। पीड़ित पिता को दबंग के द्वारा पीट पीटकर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच हमलावरों को गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव रजापुर में 6 अक्टूबर की शाम को मृतक अजय की 17 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 9 की छात्रा अपनी चचेरी बहन के साथ गांव में स्थित शिव मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। पूजा करके वापस आते समय रास्ते में पहले से घात लगाकर खड़े गांव के ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के गुड्डू पुत्र कलवा सोनू पुत्र चंद्रपाल के द्वारा नाबालिक लड़की का हाथ पकड़ कर खींच लिया। जिसमें पीड़ित छात्रा की चचेरी के द्वारा इन लोगों का विरोध करते हुए घर वापस आ गई। और अपने साथ घटित घटना को परिजनों से बताया कि गुड्डू और सोनू के द्वारा उनके साथ छेड़छाड़ और बदतमीजी की गई है।जिसको सुनकर पीड़ित पिता अजय इनके द्वारा किए गए। कृतज्ञ का विरोध करने को लेकर इनके पास पहुंचा। तो दोनों आरोपियों ने कहा कि हम आपके घर पर ही आकर आपसे बात करेंगे। जिसके चलते चंद्रपाल पुत्र रमेश, कुवरपाल पुत्र जीसुख, विपिन पुत्र चंद्रपाल, लव कुश पुत्र कुंवर पाल,गुड्डू पुत्र कलवा सोनू पुत्र चंद्रपाल लाठी डंडे लेकर पीड़ित अजय के घर पहुंचे। और दबंगों के द्वारा पीड़ित को गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें नाबालिग लड़की के पिता अजय सहित दो अन्य परिजनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा अजय की हालत नाजुक देखते हुए मेरठ के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान 37 वर्षीय अजय पुत्र होशियार सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यौपाल सिंह का कहना है कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पांच लोगों सोनू, कुंवर पाल, विपिन, लव कुश, गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया गया है। और अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### रामलीला मंचन में प्रभु श्रीराम का तिलकाभिषेक कर सुग्रीव की मित्रता मंचन का कराया शुभारंभ



संस्कार उजाला ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंगाधरपुर उर्फ बक्सर में 30 सितंबर से मनमोहक रामलीला का सुंदर मंचन चल रहा है। जिसको लेकर रामलीला मंचन का डाक्टर दयाप्रकाश ने भगवान श्रीराम की आरती कर भगवान श्री राम और सुग्रीव की मित्रता पर होने वाले मंचन को लेकर भगवान श्री राम का तिलकाभिषेक कर मंचन का शुभारंभ कराया।उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन को देखना ही नहीं बल्कि अपने हृदय में भी उतरना जरूरी है।मंच से पंचवटी से माता सीता का रावण द्वारा हरण का सुन्दर मंचन किया गया। वहीं मंगलवार की रात्री को सीता की खोज में वन में भटकते हुए राम और उनके भाई लक्ष्मण को वन में ऋष्यमूक पर्वत की चोटी पर बंदर राजा सुग्रीव से मुलाकात हुई।मित्र सुग्रीव भी प्रभु श्रीराम को राजा बाली के अत्याचारों के बारे में बताएंगे।इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,चौधरी चंद्रपाल , गंगाशरण,दीपक शर्मा,डा बुद्धप्रकाश, सोनू आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहारनपुर में डॉक्टर धर्म सिंह सैनी के आवास पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की टीम ने मिठाई खिलाकर नायब सिंह सैनी को बधाई दी

## नायब सिंह सैनी ने लाडवा सीट से लगभग बीस हजार वोटो जीत हासिल की

संस्कार उजाला संवाददाता



**सहारनपुर।** हरियाणा राज्य के चुनाव परिणाम देखने के लिए सहारनपुर में सुबह से ही हलचल मची रही और भाजपाइयों के सुबह के समय चेहरे मुरझाए हुए थे लेकिन 10:00 बजे के बाद भाजपाइयों के चेहरे खिलते चले गए और वोटिंग गिनती के लास्ट तक कमल पूरी तरह खिल गया नायब सिंह सैनी ने लगभग बीस हजार वोटो लाडवा सीट से जीत हासिल की तथा बीजेपी हरियाणा राज्य में पूर्ण बहुमत में आकर सभी पार्टियों को चौंका दिया इतना ही नहीं भाजपाइयों को भी पूर्ण बहुमत में आने की उम्मीद नहीं थी ईश्वर की कृपा से हरियाणा राज्य की जनता ने नायब सिंह सैनी को फिर से मुख्यमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद दे दिया है इसी खुशी के उपलक्ष में सहारनपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर डॉक्टर धर्म सिंह सैनी के आवास पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी की टीम ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी जताते हुए नायब सिंह सैनी को बधाई दी इस दौरान डॉक्टर धर्म सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सबका साथ व सबका विश्वास तथा सबका विकास के अनुरूप अपनी रणनीति बनाती है जनता में कोई भेदभाव नहीं करती है इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह सैनी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अजय सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता सैनी, सहारनपुर जिला अध्यक्ष डॉक्टर ऋषिपाल सैनी, सहारनपुर महिला जिला अध्यक्ष संदीपा सैनी, तथा देवव्रत सैनी ,रविंद्र सैनी, अमित सैनी, सचिन रामदेव सैनी, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता बधाई देने में मौजूद रहे

# लोक कला (सांझी) विलुप्त होने कि कगार पर ।

## मगर कही, कहीं आज भी कायम है (सांझी )पूजा की प्राचीन परम्परा ।

संस्कार उजाला /बडगांव सहारनपुर ।
सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा

पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्राचीन ' लोक कला सांझी माई के अस्तित्व पर संकट के बादल छाने लगे हैं। प्राचीन समय में तालाबों की मिट्टी से सांझी माई व उसके भाई के साथ-साथ पर्यावरण को दशार्ते आकाश में उड़ते तोते व बागों में नाचते मोर, सूरज ,चांद ,सितारे, आदि बड़े ही उत्साह के साथ हर घर की महिलाओं तथा छोटे बच्चों के द्वारा बनाए जाते थे ।लेकिन इस नए दौर के चलते सांझी बनाने की यह कला प्राय: लुप्त होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कही-कही महिलाओ द्वारा इस प्राचीन परंपरा को कायम रखने के लिए जीवित रखा जा रहा है। लेकिन शहरी क्षेत्र में यह है। कला कहीं भी नजर नहीं आती है। शरद नवरात्रों में होती है सांझी माई की पूजा दीवार पर गोबर व मिट्टी से बनाते हैं। प्रतिमा नवरात्रों में सांझी पूजा का ग्रामीण क्षेत्र में आज भी बहुत महत्व है महिलाएं घरों की दीवारों पर सांझी बनाकर पूजा की प्राचीन परंपरा शुरू करती है नवरात्रो के इस पर्व पर सांझी पूजा का भी विषेश महत्व हैं महिलाएं घर की दीवार पर मिट्टी से सांझी तैयार करती है महिलाएं घर की दीवार पर देवी माँ की प्रतिमा बनाती हैं, जिसमें सेलखड़ी अन्य देशी रंग भरे




जाते हैं उसके श्रंगार के लिए आटे की लोई बनाकर उससे चमकीले कागजों को चिपकाकर सांझी माता के कपड़े व अन्य आभूषणों को दशार्या जाता हैं सांझी का भी निर्माण चूल्हे वाली पीली मिट्टी से होता है नवरात्र के पहले दिन महिलाएं सांझी के सामने दीप जलाकर व्रत की शुरूआत करती हैं फिर सांझी के सामने एकत्र होकर 'कैसी बैठी विकट पहाड़ों में, जय दुर्गे महारानी' जैसे लोकगीतों को गाकर माता की स्तुति कर भोग लगाती हैं पूरे 9 दिनों तक नवरात्रों के दौरान यही क्रम चलता रहता है अंतिम नवरात्र यानि दशहरा वाले दिन दोपहर 2 बजे के बाद महिलाएं सांझी को दीवार से उखाड़कर गाँव की जोहड़ में विसर्जन करती है। प्राचीन मान्यता के अनुसार धन-धान्य सुख शांति व खुशहाली का प्रतीक नवरात्र के पहले दिन महिलाएं सांझी माता के सामने घी का दीपक जलाकर मोहल्ले की महिलाओं के साथ में नवरात्र के व्रत की शुरूआत करते हैं और भजन गाकर आरती कर प्रसाद का वितरण करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी श्रद्धालुओं के द्वारा घरों में नवदुर्गा के रूप में संजय में के स्वरूप की 9 दिनों तक पूजा होती है और हमारे घरों में नौ दिनों तक ही निवास करती है सुबह-शाम पूजा भारती होती है 9 दिनों के सफर के बाद दसवें दिन दोपहर तक विसर्जन किया जाता है सांझी माई का यह सफर तालाब से शुरू होकर तालाब पर आकर ही समाप्त हो जाता है बुजुर्गों के अनुसार संजीव बनाने में पूजने और विसर्जन की धार्मिक प्रक्रिया इस समय शुरू की गई थी जब सांझी माई के साथ तलब का महत्व भी जुड़ा था गांव की महिलाएं अपने हाथों से तालाबों से मिट्टी खोदकर घर लाकर घर लाती थी तथा घर पर उसे तालाब की मिट्टी से सांझीमाई वह उसके परिवार को बड़े ही श्रद्धा भाव से बनाया जाता था 9 दिनों के बाद महिलाएं सांझी माई के लोकगीत गाते हुए तालाब के किनारे पहुंचती थी और विधि विधान के साथ संजय में का तालाब में विसर्जन कर विसर्जन किया जाता था वर्तमान में आधुनिकता के इस दौर में यह लोक कला व प्राचीन संस्कृति लुप्त होती जा रही है।

# संक्षिप्त डायरी

## जनपद सहारनपुर के ब्लॉक रामपुर मनिहारान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक विद्यालय

संस्कार उजाला



**सहारनपुर/** जनपद सहारनपुर के ब्लॉक रामपुर मनिहारान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक विद्यालय 1, उच्च प्राथमिक विद्यालय 2, चमन लाल जैन कन्या इंटर कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों के आस पास के क्षेत्र में कोटपा - 2003 अधिनियम के अन्तर्गत हुऐ चालान/जुमार्ने के सम्बन्ध में। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 प्रवीण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवान जी के निदेर्शानुसार जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमति शिवांका गोड़ व जिला तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम के प्रवर्तन दल के नोडल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक (यातायात) सहारनपुर श्री सिद्धार्थ वर्मा जी के द्वारा कोटपा -2003 अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित प्लान अनुसार आज दिनांक :- 08.10.2024 सहारनपुर के ब्लॉक रामपुर मनिहारान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक विद्यालय 1, उच्च प्राथमिक विद्यालय 2, चमन लाल जैन कन्या इंटर कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों के शिक्षण संस्थानों के आस पास के क्षेत्र में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम एव जनकपुरी थाना के पुलिस दल द्वारा संयूत रूप से कोटपा -2003 अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई जिसमें रामपुर मनिहारन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आस पास के क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों के आस पास 100 गज की परिधि में तंबाकू पदार्थ विक्रय करने वाले 10 व्यक्तियों पर जुमार्ना किया गया। कोटपा - 2003 अधिनियम के अंतर्गत सैक्शन 6(इ)के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पाद विक्रय करना प्रतिबंधित है और इन स्थानों पर धुम्रपान निषेध व उललघंन करने वालों पर जुमार्ना किया जायेगा। आज के प्रर्वतन कार्य में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से श्री मुदस्सर अली (जिला सलाहकार), श्रीमति कविता कुमारी (सोशल वर्कर) श्री अंकुर शर्मा (डाटा ऑपरेटर) एव पुलिस विभाग के जनकपुरी थाना के एस एच ओ श्री संतोष कुमार त्यागी जी व उनकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। जनपद में यह अभियान प्लान अनुसार दोनो विभागों द्वारा नियमित रूप से जारी रहेगा।

## नगर में मच्छरों से बचाव के लिए नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है एंटी लार्वा का स्प्रे। निहाल सिंह,बारिशों के बाद फैल रहा था मच्छरों का प्रकोप।

संस्कार उजाला



**रामपुर मनिहारान।** बीते दिनों हुई बारिशों के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाने को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से नगर पंचायत रामपुर मनिहारान की ओर से नगर में बीते कई दिनों से लगातार एंटी लार्वा का छिड़काव जोरों शोरों से करवाया जा रहा है। नगर में मच्छरों से बचाव के लिए रोजाना नगर पंचायत द्वारा जनहित में सुरक्षा हेतु मच्छरों का आंतक रोकने के लिए अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा, एवं चैयरमेन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान के प्रयास से एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे जहरीले मच्छरों को खत्म किया जा सके और अनेकों बीमारियों पर काबू पाया जा सके। पीठ बाजार के निकट बाबा पीर साहब वाली गली में, मण्डल मंत्री भाजपा युवा मोर्चा एवं सफाई कर्मचारी यूनियन नगर उपाध्यक्ष निहाल सिंह वाल्मीकि ने अपनी उपस्थिति में गली की नालियों तथा गली के किनारे खड़े वृक्षों पर भी नगर पंचायत के संसाधन द्वारा संचालित एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया जिससे स्थानीय लोगों को मच्छरों से बचाव में राहत मिलेगी। एंटी लार्वा का छिड़काव करते समय सोनू कुमार, राहुल व विजेंद्र कर्मचारी नगर पंचायत से डियूटी पर तैनात रहे।

## गेंद लगने से गुस्साई अध्यापिका ने छात्रा को पीट पीटकर किया अधमरा, बीईओ ने लिया संज्ञान




संस्कार उजाला सहारनपुर

**सहारनपुर** के थाना नागल क्षेत्र के गांव तांशीपुर में प्राथमिक विद्यालय में खेल रहे बच्चों की गेंद लगने से गुस्साई एक अध्यापिका द्वारा छात्रा को बेरहमी से पीटकर अधमरा करने का संगीन मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव तांशीपुर निवासी राजेंद्रपाल की पुत्री ज्योतिपाल गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा है जोकि दोपहर करीब 12:30 बजे आधी छुट्टी में बच्चो के साथ खेल रही थी कि अचानक गेन्द अध्यापिका के पैर में लग गई जिसपर गुस्साई अध्यापिका ने कक्षा 5 की छात्रा ज्योतिपार पर थप्पड़ की बरसात करते हुए डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची छात्रा की माता शिबलेशपाल ने जब अध्यापिका संगीता से जानकारी चाही तो पहले से गुस्साई अध्यापिका ने परिजनों के साथ भी अभद्रता की है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर उचित कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह स्कूल गए थे लेकिन उसके बाद यह घटना छात्रा द्वारा साइकिल चलाते वक्त ब्रेक न लगने के कारण अध्यापिका को लगने की बात सामने आई है और मामला उनके संज्ञान में है। जिसकी जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी। उधर इस संबंध में निरीक्षक सतपाल भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और पीड़ित बालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है, जिसपर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस घटना को लेकर पालसमाज मे भारी रोष व्याप्त है, पालसमाज के करणपाल ने बताया कि उनके समाज के साथ पहले से ही भेदभाव किया जा रहा है।

# संक्षिप्त डायरी

## चिलकाना / झूठे आरोपों से आहत होकर पीडित पत्रकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक सहारनपुर के समक्ष प्रस्तुत होकर साईबर क्राईम द्वारा मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही की मांग की

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** /चिलकाना चिलकाना थाना क्षेत्र के पत्रकार विकास धीमान ने विपक्षी मेमपाल पुत्र कलिराम निवासी मोहल्ला काजीमल सुलतानपुर थाना चिलकाना द्वारा थाने में दिये गये झूठे प्रार्थना पत्र में आम के पेड की टहनी काटने पर रुपए लेने, अतिरिक्त रूपयों की मांग करने, जातिसूचक शब्द कहने व मारपीट करने जैसे आरोपों को नकारते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक रोहित सिंह साजवान के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रार्थनापत्र देते हुए कहा कि वह मेमपाल से कभी नही मिला ओर न ही उसे जानता है, मेमपाल द्वारा लगाये गये सभी आरोप झूठे हैं, मेमपाल द्वारा दी गयी तहरीर में घटना का समय, घटना स्थल, तिथि आदि का कोई उल्लेख नही किया गया इतना ही नही तहरीर मिलने के बाद थाना पुलिस द्वारा दोनो पक्षों को थाने पर बुलाने पर विपक्षी मेमपाल पुरा दिन थाने पर नही पहुंचा, जिससे साबित होता है कि मेमपाल झूठे आरोप लगा कर ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है तथा रुपए ऐंठने के चक्कर में है ।पीडित पत्रकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक से साईबर क्राईम द्वारा जांच कराये जाने व झूठा प्रार्थना पत्र देने वाले के विरूध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए अपनी सुरक्षा की मांग की है ।

## वैदिक संस्कृति,परम्परा व गुरुकुल शिक्षा को नष्ट कर अंग्रेजी शिक्षा का जन्म दाता मैकाले,,

संस्कार उजाला
बड़गांव सहारनपुर
सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा




शीर्षक-भारतीय संस्कृति की वैदिक परंपराओं पर आधारित (स्टोरी) सन 1811 में भारत में 7लाख 32हजार वैदिक संस्कृति के गुरुकुल थे जब व्इग्लैड में पहला कन्वैट स्कूल खुला था आइए जानते हैं कि हमारे ये गुरुकुल केसे बन्द हुए जिस देश में गुरुकुल इतने समर्ध हो उस देश को आखिर कैसे गुलाम बनाया गया होगा मै काले,, का स्पष्ट कहना था कि भारत को हमेशा के लिए अगर गुलाम बनाना है तो उसकी देशी एवं सांस्कृतिक शिक्षा को व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करना होगा और उसकी जगह अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था,, लानी होगी और तभी इस देश में शरीर से भारतीय और दिमाग से अंग्रेज पैदा होगे ओर जब इस देश की युनिवर्सिटी से पढ़ कर निकलेगे तो हमारे हित में काम करेगे। सन1850तकइस देश में 7लाख 32हजार गुरुकुल हुआ करतें थे और उस समय देश में कुल गांव की संख्या भी 7लाख 50हजार थी मतलब हर गांव में औसतन एक -एक गुरुकुल होता था ओर जो भी गुरुकुल होते थे सबके सब आज की भाषा में हायर एजूकेशन हब से कम नहीं थे। उन गुरुकुलो में उच्च शिक्षा प्रदान की जाती थी और 18विषय पढाये जाते थे और इन गुरूकुलो का संचालन समाज के लोग मिलकर किया करते थे।न कि कोई राजा महाराजा गुरुकुल पुर्णत आवासीय शिक्षा प्रदान करने का एकांत स्थान होता था जहां 8से 10वर्ष की आयु का बच्चा गुरु के सानिध्य में रह कर विधा अध्ययन करता था ।विधार्थी गुरु के निर्देशो का पुर्ण पालन करतें थे। गुरुकुल के बच्चे स्वयं दिनचर्या के सभी कार्य करते थे अपनी उपयोगी सामग्री का निर्माण स्वयं करते थे , गुरुकुल में श्रुति अर्थात सुन कर याद करते थे लिपी बद्ध करने की कोई परम्परा नहीं थी। प्राचीन भारत के गुरुकुलो के अन्तर्गत तीन प्रकार की शिक्षा संस्थाये होती थी ।

1--गुरूकुल 2--परिषद 3--तपस्थली

1 गुरुकुल--जहा विधार्थी आश्रम में गुरु के साथ रहकर विधा अध्ययन करते थे।

2--परिषद जहां विशेषज्ञों के द्वारा शिक्षा दी जाती थी।

3, तपस्थली जहां बडे बदे सम्मेलन होते थे और सभाओं में प्रवचनों से ज्ञान अर्जन होता था नेमिषरण एक ऐसा ही स्थान था ।मैकाले ने दो अंग्रेज अधिकारियों के द्वार भारत का सर्वे कराया अंग्रेजो के एक अधिकारी का नाम था जी डब्ल्यू लूथर ओर दूसरा था थोमस मुनरो दोनों ने अलग-अलग इलाकों का सर्वे किया और लिखा कि यहां 97%साक्षरता है और मुनरो जिसने दक्षिण भारत का सर्वे किया था उसने लिखा है कि यहां तो 100%साक्षरता है मैकाले ने एक मुहावरा दिया कि जैसे किसी खेत कोई फसल लगाने से पहले पुरी तरह जोत दिया जाता है वैसे ही इसे जोतना होगा। और अंग्रेजी शिक्षा लानी होगी। मैकाले ने सबसे पहले गुरु कुंदों को गैर कानूनी घोषित किया जब गुरुकुल गैर कानूनी घोषित हो गये तो उनको मिलने वाली सहायता जो समाज की तरफ से होती थी वो गैर कानूनी हों गयी फिर संस्कृत भाषा को गेर कानूनी घोषित किया गया और फिर इस देश के गुरुकुल को घुम घुम कर खतम कर दिया गया उनमें आग लगा दी गई । ओर पढ़ाने वाले गुरुओं को मारा पीटा गया और जेलों में बंद कर दिया गया। गुरुकुल में शिक्षा बिल्कुल फिरी में दी जाती थी। इस तरह भारत से सारे गुरुकुल खतम कर दिए गए ओर फिर अग्रेजी शिक्षा को कानूनी घोषित किया गया और कलकत्ता में पहला कनवेंट स्कूल खोला गया उस समय उसे फिरी स्कूल कहा जाता था इसी कानून के तहत भारत में कलकत्ता युनिवर्सिटी बनाई गई और मुम्बई व मद्रास में भी युनिवर्सिटी बनाई गई ये तीनों गुलामी जमाने की युनिवर्सिटी देश में आज भी मौजूद हैं। मैकाले ने अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी थी वह बहुत ही मशहूर चिट्ठी है उसमे वो लिखते है कि इन कन्वेंट स्कूलों से ऐसे बच्चे पढ़ कर निकलेगे जो देखने में तो भारतीय होंगे लेकिन उनका दिमाग विदेशी होगा। उन्हें अपनी संस्कृति के बारे में भी कुछ पता नहीं होगा जिससे उनकी परमपराएं लुप्त हो जायेगी ।भारत देश की संस्कृति नष्ट होने से वहां पर विदेशी विचार धारा का जन्म होगा ।जब देश में संस्कृति विहिन बच्चे होंगे तो देश से अंग्रेज भले ही चले जाए मगर इस देश से अंग्रेजियत नहीं जाएगी ।

# जिला मजिस्ट्रेट ने दशहरा पर्व के दृष्टिगत तैयारियों तथा शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक की

## सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश

☛सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का करें पूर्णत: पालन

संस्कार उजाला



**सहारनपुर/** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दशहरा पर्व पर तैयारियों तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठक आहूत की गई। मनीष बंसल ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है एवं गड्ढे बने हुए है उनको तत्काल भरवाकर समतल कराने का कार्य पूर्ण कराया जाए तथा राजकीय मैदान में मंच के पीछे बनी दीवार को तत्काल तोडकर समतल कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि निर्धारित स्थलों पर उचित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। संबंधित अधिकारी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करें। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि कंही पर भी विद्युत तार ढीले एवं अनावश्यक रूप से लटके हुए न मिलें। बेहट अड्डा, गांधी पार्क, जुबली पार्क, जीआईसी मैदान, नेहरू मार्किट, रेलवे क्लब, माल गोदाम, शुगर मिल, सर्किट हाउस आदि स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराई जाएं। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि दशहरे पर्व हेतु नामित सभी मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के आगे व पीछे एवं थाना क्षेत्रवार समस्त मजिस्ट्रेट शोभायात्राओं एवं जुलूसों में उपस्थित रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। शांति एवं कानून व्यवस्था से संबंधित कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो तत्काल उससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। उन्होने निर्देश दिए कि दशहरे से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र में रावण दहन के स्थान को चिन्हित कर लें तथा यह सुनिश्चित कर लें कि रावण दहन बहुत खुले स्थान पर हो तथा वहां अनुमानित एकत्रित होने वाले व्यक्तियों के बैठने अथवा खडा होने का खुला स्थान हो। मनीष बंसल ने नगर मजिस्ट्रेट को रावण दहन स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि रावण दहन के समय निर्धारित स्थल पर नियमानुसार आतिशबाजी हो एवं अग्निशमन की पूर्ण व्यवस्था पूर्व से की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्वेता पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर डॉ0 पूर्वा, अपर नगर आयुक्त राजेश यादव, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत नवजनोदय इंटर कालेज सुल्तानपुर मे छात्राओं को दी आपात कालीन सेवाओं की जानकारी

संस्कार उजाला / मनोज त्यागी




**सहारनपुर/** चिलकाना सुल्तानपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान के दिशा निदेर्शों के चलते आज थाना चिलकाना सुल्तानपुर के नव जनोंदय इंटर कॉलेज मे महिला सशक्तिकरण अभियान गरूड के तहत एंटी रोमियो टीम के द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तरप्रदेश सरकार की महिलाओ को अपराध के प्रति जागरूक करने एवं महिला अपराध को रोकने के लिए समय समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे है जिसके तहत शारदीय नवरात्र के पर्व पर आज मिशन शक्ति फेज 5 के तहत नव जनोदय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे छेत्राधिकारी सदर नीरज कुमार नें छात्राओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, यौन हिंसा, शिक्षा का अधिकार, एवं सोशल मिडिया के दुसप्रभाव से बचने को जागरूक करने के उद्देश्य से गोष्ठी का आयोजन कर जानकारी दी। वहीं महिला उपनिरीक्षक मोनिका यादव एवं रश्मि कुमारी एवं महिला कांस्टेबल विनीता छात्राओं से कहा की वो अपने ऊपर होने वाले किसी भी अपराध को छुपाये नहीं,उसकी सूचना तुरंत अपने घर वालो दे साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, वूमेन पावर,1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 1930साइबर अपराध व डायल 112 पर दे इससे महिला अपराध रोकने मे मदद मिलेगी ओर महिला को सुरक्षा भी। वहीं थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव एस आई करण नागर,प्रधानाचार्य श्याम कुमार सैनी, समाजसेवी बाळकृष्ण शर्मा, छात्रा नूर, आशमा, लायबा ओर मधु नें भी महिलाओ/बालिकाओं को कानूनी प्रावधानो जैसे शिक्षा का अधिकार,बाल विवाह, दहेज प्रथा आदि के बारे मे विस्तार से बता उन्हें जागरूक कर अपने विचार रखे ।

# एचआईवी के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी, जिला अस्पताल में जागरूकता और सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन

सीएमएस डॉक्टर रामानंद ने फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ..

संस्कार उजाला



**सहारनपुर/** एचआईवी संक्रमित मरीजों को विभिन्न सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने को जिला चिकित्सालय में जागरुकता शिविर आयोजित किया गया, इस दौरान एचआईवी मरीजों को मिलने वाली योजनाओ के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, संक्रामक बीमारियों से लोगों के बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ा रही है, इस क्रम में जिला अस्पताल में एचआइवी संक्रमित मरीजों व विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर अधिकारियों एवं संस्थाओं के सहयोग से एच आई वी संक्रमित मरीजों को कंबल एवं स्वेटर और पोषण किट वितरित की गयी, आमजन के बीच एचआईवी और एड्स को लेकर लगातार सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, मण्डलीय अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक एस.बी.ड़ी. जिला अस्पताल सहारनपुर डॉ. रामानंद ने मंगलवार को जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा, HIV के प्रति जागरूकता बढ़ाना हमारे समाज के लिए बेहद आवश्यक है, यह न केवल संक्रमित व्यक्तियों के लिए बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, हमारा उद्देश्य PLHIV को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाना और उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना है।

# भगवान श्री राम के आदर्शो पर चल समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करे युवा

संस्कार उजाला संवाददाता



**सुल्तानपुर/** चिलकाना श्री रामलीला कमेटी सुल्तानपुर द्वारा एकता मंच पर आयोजित श्री रामलीला मंचन मे भगवान श्री राम ओर विभीषण की मित्रता ओर रामेश्वर पूजन का कलाकारों द्वारा सुंदर मंचन किया गया। सुल्तानपुर मे आयोजित श्री रामलीला का शुभारम्भ सरसावा से आई समाजसेवीका रेनू दीदी ओर राकेश ठेकेदार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। माँ जगदम्बा की आरती समाजसेवी ओर वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर कुलदीप चौधरी ओर राष्ट्रीय लोकदल के युवा कार्यकर्ता गौरव कोरी द्वारा की गयी,जहाँ डॉक्टर कुलदीप चौधरी नें युवाओं से भगवान श्री राम के आदर्शो पर चल बिखरे हिन्दू समाज को एकजुट करने का आव्हान कर कहा कि रामलीला मंच से सभी युवा भगवान श्री राम के बताये सदमार्ग पर चल समाज मे फैली कुरीतियों को दूर कर एक जुट होकर चले तभी सही मायने मे रामलीला का अर्थ साकार होगा। वहीं भगवान श्री रामलीला मे मुख्य अतिथि आये एस पी सिटी अभिमन्यु मांगलिक द्वारा रामादल द्वारा सेतु: निर्माण से पूर्व रामेश्वर की पूजा अर्चना की। भगवान श्री राम की आरती श्री गुरु रविदास प्रबंध कमेटी सुल्तानपुर के पदाधिकारियों द्वारा की गयी ओर श्री रामलीला मंच का सुन्दर संचालन आकाश काशी व मास्टर संदीप द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव एस आई करण नागर, एस आई रश्मि, एस आई मोनिका यादव, एस आई पियूष,समाजसेवी राजपाल सैनी,नोनी कालरा, मांघेराम सैनी, अमित धीमान, अमित सैनी आदि मौजूद रहे।

# ओबरा आरती चित्र मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा के पांचवें दिन सीताराम विवाह प्रसंग से भाव विभोर हुए श्रद्धालु धूमधाम से जनकपुरी पहुंची बारात

संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा सोनभद्र ।**:- ओबरा श्री राम कथा के पांचवें दिन कथा प्रारंभ होने से पहले वैदिक मंत्र उपचार के साथ मुख्य यजमान देवेंद्र केसरी ने सपत्नीक व दैनिक यजमान विशाल केशरी,सुमित खत्री, अनिल सेठ, दशरथ शुक्ल,भानू केशरी, राजेश पाण्डेय,नन्द लाल पाण्डेय,फौजदार सिह, संजय जैन,सतेन्द्र सिंह ने व्यास पीठ एवं व्यास के पूरे विधि विधान से पूजा की। पूजन पूर्ण होने के पश्चात पुज्य श्री राजन जी महाराज ने अपने मुखारविंद से पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के समक्ष श्री राम कथा के पंचम दिन सीताराम विवाह प्रसंग सुना कर श्री राम कथा के पांचवें दिन पूज्य महाराज जी ने भगवान श्री राम द्वारा धनुष भंग परशुराम लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम विवाह के रोचक प्रसंगों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने बताया की कथा का स्मरण करने से ही हर व्यथा मिट जाती है और राम विवाह एक आदर्श विवाह है। तुलसीदास ने राजा दशरथ ,राजा जनक ,राम और सीता की तुलना करते हुए बताया है। कि ऐसा समधी ऐसा नगर ऐसा दूल्हा ऐसी दुल्हन की तीनों लोक में कोई बराबरी नहीं हो सकती। पूज्य महाराज जी ने कहा कि विश्वामित्र ने जब पूरे उत्तर भारत को दोस्त जनों से श्री राम द्वारा मुक्त कर लिया एवं सभी ऋषि वैज्ञानिकों के यज्ञ सुचारू रूप से होने लगे तो विश्वास निमित्र श्री राम को जनकपुरी की ओर ले गए जहां पर सीता स्वयंवर चल रहा था बताते हुए कहा कि राजा जनक ने अपनी बेटी के स्वयंवर के लिए एक प्रतिज्ञा रखी है जो शिव के पीनाक को खण्डन करेगा। वह सीता से नाता जोड़ेगा उस धनुष को तोड़ने के लिए कई राजा व राजकुमार पहुंचे लेकिन सभी विफल रहे। ऐसे में राजा जनक ने भरी सभा में कहा कि आज



धरती वीरों से विहीन हो गई है। सभी अपने घर जाएं। इसके बाद लक्ष्मण को क्रोध आया और उन्होंने कहा कि अगर श्री राम की आज्ञा हो तो धनुष क्या पूरे ब्रह्मांड को गेंद की तरह उठा लूं। पूज्य महाराज जी ने कहा कि धनुष अहंकार का प्रतीक है व राम ज्ञान का प्रतीक है। जब अहंकारी व्यक्ति को ज्ञान का स्पर्श होता है तब अहंकार का नाश हो जाता है। श्री राम में वह अहंकार नहीं था। और श्री राम ने विश्वामित्र किया आज्ञा पाकर धनुष तोड़ दिया। जिसका अर्थ पूरे विश्व में दुष्टों को सावधान करना था कि अब कोई चाहे कितना भी शक्तिशाली राक्षस वृति का व्यक्ति हो वह जीवित नहीं बचेगा। धनुष टूटने का पता चलने पर परशुराम का स्वयंवर सभा में आना एवं श्री राम लक्ष्मण से तर्क वितर्क करके संतुष्ट होना की श्रीराम पूरे विश्व का कल्याण करने में सक्षम है। समाज की जो जिम्मेदारियां परशुराम ने ले रखी थी जिससे की दुष्ट राजाओं को भय था। परशुराम ने वह सामाजिक जिम्मेदारी श्री राम को सौंप दी। एवं स्वयं अपने आराध्य के भक्ति में लीन हो गए कथा व्यास पूज्य राजन जी महाराज ने आगे कहा कि भगवान कण कण में विराजमान है। अगर हम समाज में दीन दुखियों वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए उसे संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किए । इसी कारण से श्री राम भगवान कहलाए। उसी प्रकार आज भी समाज में व्याप्त बुराइयों को अच्छे लोग संगठित होकर ही दूर कर सकते हैं। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए महाराज जी ने कहा कि राजा जनक ने राजा दशरथ को बारात लाने का न्यौता भेजा एवं राजा दशरथ नाचते गाते बरातियो सहित जनकपुरी पहुंचे। बारात में शामिल उपस्थित श्रोता जनसमूह खूब भावपूर्ण नाचे गए कथा में सीता स्वयंवर का मनोरम वर्णन किया गया। आगे श्री राम कथा में मां सीता की विदाई हुई उन्होंने कहा कि जनकपुर से जब सीता जी की विदाई हुई तब उनके माता-पिता उन्हें ससुराल में कैसे रहना है इसकी सिख दिए। ऐसे ही प्रत्येक माता पिता को अपनी पुत्री के विवाह के समय ऐसी ही सीख देनी चाहिए। जिससे ससुराल वह मायका दोनों कल कलंकित ना हो। माता सीता ने पूरे जीवन में अपने माता-पिता की सीख का पालन किया। वही इस राम कथा कार्यक्रम का संचालन राजीव वैश्य द्वारा किया गया। वही इस कार्यक्रम में श्री राम कथा समिति के अध्यक्ष दीनदयाल केसरी, जगमंदर अग्रवाल, विनोद केसरी, जयशंकर भारद्वाज, बम भोले जी, अशोक सिंह, विशाल केसरी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, रविंदर गर्ग, संजीव मालवीय ,राजा राम सिंह, समीर माली ,अनुराग श्रीवास्तव, अरविंद सोनी, विवेक मालवीय ,पुष्पराज पाण्डेय, राकेश यादव के साथ मातृशक्ति नीता चौबे, उषा शर्मा ,ममता श्रीवास्तव, पुष्पा दुबे, सरिता सिंह, रिंकी यादव, संजू श्रीवास्तव, बिना पांडे, सुषमा कुशवाह, रितिका प्रजापति, अनीता चौरसिया, संजीता सिंह, सृष्टी जायसवाल, हर्षिता, अर्पिता, रागनी ,रेखा ,गीता, पूजा, सुधा सिंह अनीता श्रीवास्तव,संजू श्रीवास्तव के साथ कार्यकारिणी के सभी सदस्य व हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# पंचायतों में भृष्टाचार की भेंट चढ़ा विकास,डीएम के भृष्टाचार के खिलाफ सख्त आदेशो के बावजूद ग्राम पंचायतों नही थमता दिख रहा भृष्टाचार।

## सरकारी जमीनों व तालाबो पर भूमाफियों ने जमा रखा कब्जा

☛सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करने के लिए गठित की गई तहसील स्तर की टीम

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जिले के मुखिया अभिषेक आनन्द द्वारा भृष्टा चार पर जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की है। पर ग्राम पंचायतों में प्रत्येक सरकारी बजट को ग्राम प्रधान व सचिवों द्वारा बंदरबाट किया जा रहा है ।वहीं ग्राम पंचायतों की पड़ी बेस कीमती जमीनों व तालाबों पर दबंगो द्वारा लगातार कब्जा जारी है। मामला जिले की विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सांडिला का है। जहां पर शिकायत कर्ता के अनुसार के अमृत सरोवर योजना के तहत पूर्ववर्ती प्रधानी में लगभग छः लाख से अधिक की राशि खर्च की गई वहीं वर्तमान प्रधान व सचिव द्वारा पांच लाख से अधिक व्यय दिखाया गया अमृत सरोवर योजना के तहत पन्द्रह लाख से अधिक आवंटित किया गया,पर तालाब की जमीनी हकीकत जैसी की तैसी बनी हुई है। ग्रामवासियों की माने तो ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास में जमकर धांधली की गई है ।आवासों की अगर सही से जांच हो जाये तो करोड़ो का घोटाला सामने आ सकता है। आवास के नाम पर अपात्रों से मोटी रकम लेकर उनको आवास आवंटित किए गए है वहीं ग्राम सभा के पात्र आवास के लिए दर दर भटक रहे हैं,क्योंकि उनके पास देने के लिए भारी कमीशन जो नहीं है ।वहीं ग्राम समाज की बीघों बंजर जमीनों पर दबंगो ने कब्जा जमा रखा है ।तालाब के नम्बर पर निर्माण कार्य करवाया जा चुका है ।ग्राम पंचायत में कई ऐसे कार्य सिर्फ कागजों पर दर्शाकर कर लाखो रुपये निकाल लिए गए। जनता की खून पसीने की कमाई जिम्मेदारो द्वारा मलाई में उड़ाई जा रही है। भृष्टाचार के खिलाफ जाने,जाने वालों में जिला अधिकारी व उनके मातहत क्या कार्यवाही करते है आने वाला




समय बताएगा। क्या जिला प्रशासन की सख्ती से सरकारी जमीने व तालाब होंगे कब्जा मुक्त? लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए जिला अधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायकों द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में भी नगर निकाय व विनियमित क्षेत्र के बाहर स्थित सम्पूर्ण जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अवैध निर्माण/प्लाटिंग पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी। इसके लिए तय हुआ कि तहसील स्तर पर राजस्व टीम गठित कर अतिक्रमण कर्ता को पहले नोटिस बाद में जिला पंचायत द्वारा जेसीबी से हटवाया जायेगा। प्रस्तावित भवन उपयोग अनुमन्य भू उपयोग से भिन्न हो ।अर्थात राजस्व विभाग द्वारा भूमि अकृषिक घोषित हो। ऐसे निर्माण कार्य (वाणिज्यिक,शैक्षणिक, आवासीय एवं प्लाटिंग) जिनके मानचित्र जिला पंचायत सीतापुर की गजट उपविधि दिनांक सत्ताइस दिसम्बर 2014 के अन्तर्गत स्वीकृत न कराये गये हों व जिला पंचायत सीतापुर में ग्रामीण क्षेत्रों के निर्माण कार्यों को विनियमित किये जाने की प्रभावी गजट उप। विधि के अनुसार सम्बन्धित उल्लंघनकर्ता के विरूद्व सी०आर०पी०सी० की धारा 133 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सम्बन्धित को उप जिला अधिकारी को सन्दर्भित करेंगे। सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा विधि अनुरूप सुनवाई उपरान्त धारा 133 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत अन्तिम आदेश पारित किया जायेगा ।सम्बन्धित उपजिला अधिकारी द्वारा धारा 133 के अन्तर्गत पारित आदेश का नियत तिथि के अन्दर पालन न किये जाने पर सी०आर०पी०सी० 141 के अधीन आदेश जारी किया जायेगा। धारा 141 के अन्तर्गत निर्गत नोटिस का पालन न किये जाने पर राजस्व विभाग द्वारा जे० सी०बी०अथवा अन्य साधन से अवैध प्लाटिंग/अवैध निर्माण हटवाया जायेगा। जिसमें जे०सी०बी० अथवा अन्य साधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिला पंचायत की होगी।

# संक्षिप्त डायरी

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता हुई सम्पन्न।



संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जिले के हरगांव विकास खण्ड के हरगांव ब्लाक संसाधन केन्द्र पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विकास खण्ड हरगांव के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से तीन तीन छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें एक सौ बच्चों को एक्सपोजर विजिट हेतु चयनित किया गया तथा टॉप पच्चिस छात्रों को क्विज व साक्षात्कार के उपरांत चुना गया। इसमें शरद,मयंक रवि यादव,आराध्या श्रीवास्तव छाया का चयन किया गया। तो वहीं जनपद स्तर पर मॉडल निर्माण हेतु पिंटू, निर्भय,संध्या,शिवम कश्यप आदि का चयन किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार की व्यवस्था खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य द्वारा की गई। इस अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र,प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र राज,मंत्री विनय गिहार, बलबीर सिंह,पंकज गिरि सुजीत सचान,राम शंकर अवस्थी,आनन्द अवस्थी, अवधेश जायसवाल,मदन लाल,सुंदरलाल,मृदुल अग्निहोत्री,आलोक श्रीवास्तव सहित शिक्षक शिक्षाएं उपस्थित रहे।

## कहीं अधूरे पड़े सामुदायिक शौचालय तो कहीं लटक रहे ताले




संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन के गांव गांव सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि गांव के वाशिंदे खुले में शौच ना जायें और गांव को ओडी एफ/प्रदूषण मुक्त घोषित किया जा सके। इसी के तहत जिले की विकास खण्ड कसमण्डा के ग्राम पंचायत हरदी में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। ताकि लोग बाहर खुले में शौच न करें। इसके लिए शासन ने लाखों रुपये भी खर्च किए हैं। पर जिम्मेदार लोग शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन पर पानी फेर रहे हैं ।शौचालय में हर समय ताला बंद रहता है। जिससे ग्रामीणों को शौचालय के समय समस्या आती है। स्थानीय लोगों की माने तो कभी-कभी शौचालय का ताला खुलता है। बस कोरम पूरा करने के लिए। लाखों खर्च के बावजूद शो पीस बना शौचालय स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के कसमण्डा विकास खण्ड के हरदी गांव में सामुदायिक शौचालय बनाया गया है। शौचालय बाहर से तो सब चकाचक दिखाया जा रहा है लेकिन अन्दर कोई व्यवस्था नहीं है। यहां तक की पानी के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में हरदी गांव के लोगों के समक्ष खुले में शौच जाने की मजबूरी बन चुकी है और इसी मजबूरी के चलते वह लोग खुले में शौच करने जाते हैं। इसकी बानगी हर दिन सुबह को देखने को मिलती है। जबकि स्वच्छ भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री गंभीर है लेकिन अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं है। इस सम्बन्ध में जब सहायक विकास अधिकारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि अभी दिखवाते हैं।

## समय से विद्यालय नहीं पहुंचते प्रधानाध्यापक, पढ़ाई चौपट

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जिले के विकास खण्ड कसमण्डा के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल है। कई विद्यालयों में शिक्षकों का समय से न पहुंचने का सिलसिला जारी है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके बाद भी लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई महज खानापूर्ति के लिए की जाती है। जहां सरकार शिक्षा के प्रति सजग है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे इसके लिए प्रयास कर रही है ।तो वहीं जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते शिक्षकों के समय से विद्यालय ना पहुंचने के कारण नौनिहालों का भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के विकास खण्ड कसमण्डा की ग्राम पंचायत लोहारी के आश्रित ग्राम कोदोपाली के प्राथमिक पाठशाला में भी अध्यापक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं ।ग्राम पंचायत हमीरपुर के आश्रित ग्राम कुसमौरा के पूर्व माध्यमिक में भी प्रधानाध्यापक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं। यहां एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक दो अनुदेश पदस्थ हैं ।स्कूल में पंजीकृत बच्चे कुल लगभग एक सौ ग्यारह हैं। समय पर शिक्षकों के स्कूल नहीं आने की वजह से बच्चे इधर- उधर खेलते-घूमते रहते हैं। जिससे इन बच्चों का भविष्य अंधकार मय हो रहा है ।शासन-प्रशासन व जन प्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। विभागीय सूत्रों अनुसार विद्यालय में पैंतालिस बच्चों की उपस्थिति थी लेकिन एमडीएम की जो लिस्ट भेजी गई उसमें लगभग अस्सी बच्चों की भेजी गई। इस सम्बन्ध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रजापति से बात की गयी तो उन्होंने बताया हमारी जानकारी में नहीं है,अब जानकारी मिली है इसको दिखवाते हैं।

## फिल्म अभिनेता संग्रामसिंह की बढती लोकप्रियता से राजनीतिक पण्डितों में मची हलचल।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जिले की लहरपुर विधान सभा के युवाओं में फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल की बढ़ती लोक प्रियता एवं गतिविधियों को देखते हुए राजनीतिक पंडितों में खासी हलचल मची हुई है उनका सोचना है कि इस प्रकार की क्षेत्र में सक्रियता कहीं फिल्म अभिनेता का राजनीति में प्रवेश का संकेत तो नहीं है। ज्ञातव्य है कि भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है और भारी संख्या में युवा वर्ग का रुझान उनकी तरफ देखा जा रहा है। जिसके चलते राजनीतिक पण्डितों में खासी हलचल देखी जा रही है। आपको बताते चलें कि संग्राम सिंह पटेल द्वारा लहर पुर क्षेत्र में अपनी प्रसिद्ध फिल्म इश्क नचाये बीच बाजार की शूटिंग की गई थी जिसके चलते वो क्षेत्र के युवाओं में काफी लोकप्रिय है और कुर्मी जाति के होने व लहरपुर विधानसभा क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य होने के कारण उनकी बढ़ती हुई गति विधियों को लेकर राजनीतिक विशेषज्ञों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि उनकी इस प्रकार की सक्रियता कहीं 2027 के आगामी विधान सभा चुनाव की रूपरेखा तो नहीं है ।क्योंकि विगत दिनों क्षेत्र में आयोजित एक कार्य क्रम के दौरान संग्राम सिंह पटेल को अपने नाम के आगे पटेल लगाने का एक स्थानीय नेता को स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल से जब चुनाव को लेकर जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि वैसे कुछ भी असंभव नहीं है। फिर भी आने वाले समय पर सब कुछ निर्भर करेगा

# लेखपाल साहब गरीबों के जायज घराने पर मत मलवाओ बुलडोजर

## डीएम से हुई है शिकायत, गर्दिश में आ सकते है सितारे

अमृत सरोवर में जबरन शामिल किया जा रहा गरीब किसान का खेत

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

राजस्व लेखपाल शिवेन्द्र कुमार जायज मकानों पर भी बुलडोजर चलवा देते है और कागजों को दुरूस्त कर अधिकारियों के सामने पेश करते है और अधिकारी उन्हीं कागजों पर भरोसा करते हुए सत्य मान लेते है लेकिन अब ऐसा नही होगा क्योंकि हकीकत जिलाधिकारी के संज्ञान में आ चुकी है ।अब लेखपाल प्रधान,सचिव के कहने पर एक किसान की जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित के खेत की कई बार पैमाइश हुई नपाई हुई हर बार नपाई की सीमा अलग अलग साबित हो रही हैं। पीड़ित किसान की माने तो करीब एक बीघे के आस पास उसका खेत अमृत सरोवर के नाम पर कब्जा किये जाने की कोशिश लगातार की जा रही है।



इसका विरोध किसान ने किया तो उसके साथ अधिकारियों का ठीक व्यवहार नहीं रहा तो वहीं लेखपाल लगातार किसान को धमकी दे रहा है। ऐसे हालातों से परेशान होकर किसान ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को देकर न्याय की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पुत्र चुन्नीलाल त्रिपाठी निवासी ग्राम बीहट वीरम ब्लाक व थाना मछरेहटा तहसील मिश्रिख ने कहा है कि ग्राम पंचायत समिति प्रधान और सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यो को ध्यान में रखकर सरकार की महत्वा कांक्षी योजना अमृत सरोवर का कार्य तालाब पर कराया जा रहा हैं ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य तालाब के पास पीड़ित का खेत गाट संख्या 591/ 0.810 हे.है जिस पर लल्लू राम, शिवनारायन, श्यामपती रामनरायन, रामकुमार ,कृषि कार्य करके अपने परिवार का पेट पाल रहे है। लेखपाल, प्रधान और सचिव मिली भगत करके अवैध तरीके से हमारे खेत पर कब्जा कर रहे है जितनी बार नपाई करवाई गई उतनी आर हमारे खेत की अलग अलग सीमाओं को निर्धारित किया गया जो इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि नाप जोख में हमारे खेत पर कब्जा किये जाने की कोशिश की जा रही है। शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने यह भी कहा है कि जब हमने लेखपाल शिवेन्द्र से कहा तो उन्होंने कहा कि हम नाजायज काम को जायज कर देते है। भरोसा न हो तो मेरे बारे में महोली जाकर पता करना है कि हमने कितने जायज मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया है। इस सम्बन्ध में जब तहसीलदार मिश्रिख अजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तालाब का सौन्दर्यी करण करवाने के लिये अमृत सरोवर के तहत कार्य कराया जा रहा है। अगर किसान को कोई दिक्कत है तो शिकायती पत्र दे किसान की जमीन की पैमाइश करवा दी जायेगी।

# दस अक्टूबर 2024 को होगा भव्य कवि सम्मेलन।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**




जिले के बिसवां नगर की ऐतिहासिक राम लीला मंच पर आगामी 10 अक्टूबर गुरुवार को स्थानीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर व संस्कार भारती बिसवां इकाई के संयुक्त तत्वावधान में होगा ।कवि सम्मेलन की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ साहित्य कार आलोक सीतापुरी करेंगे ।कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि संदीप मिश्र सरस,भगवत शरण श्रीवास्तव,श्रीमती विंदु प्रभा तिवारी,रामकुमार रसिक, रामदयाल धूरिया,अरूण वर्मा गंवार,अशोक पुष्प , श्रीमती सरोज गुप्ता,अरविंद सिंह मधुप,विजय कुमार रस्तोगी,शिवानन्द प्रेमी, कृष्ण मुरारी खड़ोच,रामदास गुप्ता रतन,राजेश बाजपेई प्रसून,हरिशंकर मौर्य,युवा हास्य कवि शिवांशु सिंह सुंदरम सहित अन्य नवोदित कवि आमंत्रित किए गये हैं। उक्त जानकारी कवि सम्मेलन के संरक्षक राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेशमौर्य मृदु,जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, संस्कार भारती बिसवां इकाई के महामंत्री घनश्याम शर्मा ने संयुक्त रूप से दी। नगरपालिका परिषद बिसवां के अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल,अधिशाषी अधिकारी वैभव त्रिपाठी एवं सभी सभासद गण ने नगर निवासियों से कवि सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।


## वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम की प्रतिगोगिता में जागरूकता फैलाने की ली गई शपथ।



संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

वन्य जीव सप्ताह के अन्तर्गत जगह-जगह विभिन्न विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले की तहसील मिश्रिख मुख्यालय के परिक्रमा मार्ग पर स्थित स्व. यशोदा देवी कन्या महा विद्यालय में जीव विज्ञान की छात्राओं द्वारा शिक्षक के नेतृत्व में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से जीवो के प्रति दया,उनका सरंक्षण एवं संवर्धन तथा वनों आदि की सुरक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बी.एस.सी. प्रथम,,तृतीय तथा पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया ।छात्राओ द्वारा स्वयं को तथा समाज को जागरूक करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर संस्था के केयर टेकर प्रमोद वैश्य, प्राचार्या डॉ.ज्योति गुप्ता, कार्यक्रम संयोजिका कीर्ति मिश्रा तथा निर्णायक मंडल में रचना भारती, आशीष मिश्र सहित समस्त शैक्षणिक स्टाप ने सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा जिले के महमूदाबाद इलाके में स्थित श्री जय गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेथरा माधव में वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में वन विभाग रेंज महमूदाबाद द्वारा विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष वर्मा वन विभाग के कर्मचारी मिनिस सिंह चौहान वन दरोगा प्रिया गुप्ता वनरक्षक आदि के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रकाश पाठक सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## बाल तस्करो के चिन्हाकन हेतु चलाया जायेगा अभियान



संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र ।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के रेलवे स्टेशन चोपन स्थित अधीक्षक कार्यालय मे बच्चो के सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक बैठक आहूत की गई इस दौरान बैठक मे जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा पूर्व के बैठक के अनुपालन के संबंध में समिति के समक्ष बिन्दुवार बताया गया साथ ही यह भी बताया गया किया विगत तीन माह मे एक प्रकरण नाबालिग बालिका का आर पी एफ चोपन द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट को दिया गया है, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय द्वारा सभी सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि बाल तस्करी करने वाले तस्करो का चिन्हाकन करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु विशेष अभियान जनपद स्तर पर चला जाये नीलू यादव द्वारा बताया गया कि बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण से सम्बंधित सूचना तत्काल चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर (1098) पर सूचित कर सकते है। प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव द्वारा बताया गया कि मानव तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान जनपद स्तर पर संयुक्त टीम द्वारा चलाई जा रही है। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय, प्रभारी स्टेशन अधीक्षक चोपन विकास कुमार,आर पी एफ चोपन से प्रशांत कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुब से ओ डब्ल्यू शेषमणि दुबे, चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नीलू यादव , थाना मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव,आरक्षी पंकज कुमार,जी आर पी चौकी चोपन से अवधेश कुमार,आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एक दिन के लिए अर्पिता सिंह बनी सांकेतिक जिलाधिकारी तो पुलिस अधीक्षक बनी प्रतीक्षा सिंह यादव

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

शासन की मंशा अनुसार प्रदेश में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 05 के तहत जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हिट पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बालिकाओं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को बारहवीं की जिला टॉपर छात्रा अर्पिता सिंह को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण किया। सांकेतिक जिलाधिकारी/छात्रा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा बड़ा विषय है,इस पर हमको मिलकर काम करना चाहिए प्रतीकात्मक रूप से बनीं एक दिन की जिलाधिकारी अर्पिता सिंह ने कहा कि वह भविष्य में यू०पी०एस०सी० की तैयारी करके अधिकारी बनना चाहती हैं ।मिशन शक्ति अभियान में बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के मकसद से अर्पिता सिंह को` प्रतीकात्मक एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। टॉपर छात्रा ने जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठकर बकायदा फरियादियों का सामना किया और उनके






प्रार्थना पत्रों पर गौर करते हुए निस्तारण के निर्देश दिये ।जनता दरबार में जिला अधिकारी की कुर्सी पर जब बच्ची को बैठे देखा तो फरियादी भी आश्चर्यचकित रह गये। इस बीच अर्पिता सिंह ने कहा कि उन्हें जिला अधिकारी बनकर बहुत ही खुशी हो रही है ।वह भविष्य में कठिन परिश्रम करआई० ए०एस०परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहती हैं। साथ ही पुलिस अधीक्षक के रूप में सांकेतिक पुलिस अधीक्षक बालिका प्रतीक्षा सिंह यादव को बनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मित्र ने स्मृति चिन्ह देकर सांकेतिक रूप से पुलिस अधीक्षक बनी प्रतीक्षा सिंह यादव को सम्मानित किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा विभिन्न पटलों का एवं विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में समस्याएं जैसे दशहरा, जुलूस इत्यादि की प्राप्त हुयीं। इसके संबंध में उन्होंने सभी को आपसी सौहार्द एवं समन्वय बनाए रखते हुए हर्षोल्लास के साथ पहले से चली आ रही परंपराओं के अनुसार ही त्योहारों में जो नियम अपने गए हैं उन्हें नियमों का अनुपालन करते हुए त्यौहार मनाने के निर्देश दिए ।साथ ही बैठक में जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी,सी०ओ० सिटी, नोडल महिला शक्ति मिशन पुलिस विभाग एवं विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे। सी०ओ०सिटी द्वारा थाने में विभिन्न शिकायत के बारे में जानकारी दी गई थाने में विजिट कराया गया और महिला थाने में विजिट कराया गया। इसके पश्चात स्कूल हिंदू कन्या विद्यालय में महिला सशक्तिकरण के ऊपर जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी के रूप में सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी बालिका संध्या मिश्रा के द्वारा विभिन्न जन सुनवाई की गई और समस्याओं के बारे में ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही विकास भवन का दौरा किया गया और जिले स्तरीय अधिकारियों का ऑफिस कार्यालय विजिट किया गया। समस्त कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं बच्चियों के अभिभावक और अध्यापक गण उपस्थित रहे ।मिशन शक्ति फेस 5 के अन्तर्गत एक दिन की अधिकारी के रूप में बालिकाओं को बनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में सशक्तिकरण की भावना को जागृत करना है। साथ ही उनको आगे बढ़ाने की प्रदेश स्तर पर राष्ट्रीय स्तर पर जनपद स्तर पर विभिन्न पदों पर जाने के लिए उनमें प्रोत्साहित करने की प्रेरणा को जागृत करता है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार निरन्तर कार्य कर रही है जिसके लिए मिशन शक्ति फेस 5 शारदीय नवरात्र वीक दिनांक 03 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक बालिका दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

# आर्नव न्यूज हिन्दी दैनिक अखबार और डेमोक्रेसी हेडलाइंस के कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**

जिला मुख्यालय के मोहल्ला तरीनपुर में राम लीला मेला मैदान के निकट आर्नव न्यूज हिन्दी दैनिक समाचार पत्र व डेमोक्रेसी हेडलाइन लाइव चैनल के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी लाल कमल के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर आर्नव न्यूज हिन्दी दैनिक अखबार व लाइव न्यूज चैनल के एडीटर इन चीफ सतीश आर्य,डेमोक्रेसी हेड लाइंस संपादक वीर प्रताप, प्रबंध संपादक डेमोक्रेसी हेड लाइंस रितेश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथिति को पुष्प गुच्छ देकर माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने एडिटर सतीश आर्य व उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा






कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपका चैनल हमेशा ऊंचाइयों तक जाए। पत्रकार समाज का दर्पण होता है ।उसे निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करनी चाहिए। जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाए। पत्रकार सोशल मीडिया,प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया,के माध्यम से गरीब,मजदूर किसानों मजलूमों की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचने का काम करता है। इस मौके पर डेमोक्रेसी हेडलाइंस के संपादक वीर प्रताप,प्रबंध संपादक डेमो क्रेसी हेडलाइंस रितेश श्रीवास्तव,आर्नव न्यूज हिन्दी दैनिक समाचार पत्र संपादक और ऑल इण्डिया संपादक संघ के राष्ट्रीय महा सचिव सतीश कुमार आर्य, लखनऊ मण्डल प्रभारी आर्नव न्यूज व पत्रकार एकता संघ के प्रदेश मंत्री अनुरुद्ध कुमार,राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल संस्थापक /अध्यक्ष संजय पुरी,रामचंद्र प्रधानाध्यापक,सुरेंद्र कुमार, पत्रकार बी.के.सिंह,राकेश शुक्ल,ऑल इंडिया संपादक संघ जिलाध्यक्ष संतोष कुमार राव,वरिष्ठ पत्रकार व आशीष टाइम्स के संपादक आशीष शुक्ल घायल, प्रतिदिन के ब्यूरो चीफ जितेंद्र शुक्ल,वरिष्ठ पत्रकार एस.के. तूफानी, युगाधार समाचार पत्र के संपादक सुनील शर्मा, मान्यता प्राप्त पत्रकार कुलदीप राठौर दिनेश श्रीवास्तव,विशाल रस्तोगी,महेंद्र कुमार,सुनील श्रीवास्तव,प्रखर श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार,संजय, सुभाष गौड़,किसान नेता पिन्दर सिंह सिद्धू,पंकज पीएम, डॉक्टर संतोष सिंह, विनोद कुमार,सूरज चौधरी,जितेंद्र गौतम,सहित तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त डायरी

## थाना मटौन्ध पुलिस पानी की मोटर चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को सूचना के 24 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार ।

अभियुक्त के कब्जे से लगभग 2.5 लाख रुपये कीमत की चोरी की मोटर बरामद




संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, लूट जैसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.10.2024 को थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा पानी की मोटर चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 07.10.2024 को खैराडा रेलवे फाटक पर बने रहे अण्डर पास पर काम करने वाले मजदूर बृजेश कुमार सिंह ने थाना मटौन्ध पर आकर सूचना दी कि दिनांक 01.08.2024 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा अण्डर पास से पानी निकालने के लिये लगी मोटर को चोरी कर ले गये काफी खोजबीन करने के बाद भी पानी की मोटर नहीं मिली । इस सम्बन्ध में थाना मटौन्ध पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा सूचना के 24 घण्टे के भीतर अभियुक्तों की पहचान करते हुए आज दिनांक 08.10.2024 को ग्राम खैराडा से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों की निशादेही पर पानी की मोटर बरामद हुई है ।

बरामदगी- 01 अदद् चोरी की पानी की मोटर (कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये)

गिरफ्तार अभियुक्त-1. रामबाबू पाल पुत्र कल्लू पाल निवासी खैराडा थाना मटौन्ध जनपद बांदा ।
2.अंशु पाल उर्फ अंग्रेज पुत्र सिद्धगोपाल निवासी खैराडा थाना मटौन्ध जनपद बांदा ।
3.संजय वर्मा पुत्र बाबू वर्मा निवासी खैराडा थाना मटौन्ध जनपद बांदा ।

पंजीकृत अभियोग - मु0अ0स0 145/24 धारा 303(2)/317(2) इठर थाना मटौन्ध जनपद बांदा गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.थानाध्यक्ष मटौन्ध संदीप कुमार सिंह
2.उ0नि0 मो0 अकरम
3.उ0नि0 गजेन्द्र सिंह
4.हे0कां0 नीरज यादव
5.कां0 अजय कुमार
6.कां0 धनन्जय यादव
7.कां0 महेन्द्र प्रताप सिंह

## थाना मरका पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया गया पदार्फाश

गिरोह के 02 चोरों को अवैध तमंचा के साथ किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 05 मोटरसाइकिलें व अवैध तमंचा, कारतूस बरामद




संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
अभियुक्तों द्वारा बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर और आस-पास के जनपदों में स्कूल, अस्पताल, मुख्य बाजार तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को दिया जाता था अंजाम । मोटरसाइकिलों की नम्बर प्लेट बदलकर करते थे उसकी बिक्री । पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी, लूट जैसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मरका पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 07/08.10.2024 की रात्रि को थाना मरका पुलिस द्वारा मरका नहर पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान ग्राम साड़ा की तरफ से मोटरसाइकिल पर आ रहे 02 व्यक्ति पुलिस को देखकर अचानक भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा व्यक्तियों को संदिग्ध मानकर तत्परतापूर्वक पकड़ लिया गया तथा अभियुक्तों की तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ । पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई और मोटरसाइकिल का वैध प्रपत्र मांगा गया तो ज्ञात हुआ कि मोटरसाइकिल चोरी की है । दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कि गई तो उन्होने बताया कि इस मोटरसाइकिल (वढ71अे4396) को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम पछौहा से पिछले महिने चोरी किया था । अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उन्होने अब तक बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर और आस-पास के जनपदों से कई मोटरसाइकिलें चोरी की हैं जिसे वे नम्बर प्लेट बदलकर तथा चेचिस नम्बर खुरच कर बेच देते हैं अभी भी उनके पास चोरी की 04 अन्य मोटरसाइकिलें इंगुवारी गांव के बाहर बेडहा बाबा मन्दिर के पास झाड़ियों में रखी हैं । अभियुक्तों की निशादेही पर बताए गए स्थान से 04 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद की गई । अभियुक्तों द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिलों के नम्बर प्लेट या तो हटाकर या बदलकर बेंच दिया जाता था ।

बरामदगी- विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 05 मोटरसाइकिलें
01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर
01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-
1.रोहित विश्वकर्मा पुत्र रामू विश्वकर्मा निवासी इंगुवा थाना मरका जनपद बांदा ।
2.अंकित शर्मा पुत्र रामसनेही शर्मा निवासी पिरखिनी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट ।

पंजीकृत अभियोग -
मु0अ0स0 133/24 धारा 317(2)/317(4)/317(5) इठर व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त रोहित विश्वकर्मा उपरोक्त -
1.मु0अ0स0 54/15 धारा 379/411 भादवि थाना मरका जनपद बांदा
2.मु0अ0स0 11/17 धारा 110जी सीआरपीसी थाना मरका जनपद बांदा
3.मु0अ0स0 01/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मरका जनपद बांदा
4.मु0अ0स0 69/18 धारा 60 आब0अधि0 थाना मरका जनपद बांदा
5.मु0अ0स0 56/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा
6.मु0अ0स0 25/20 धारा 379/411/413/420 भादवि थाना मरका जनपद बांदा
7.मु0अ0स0 13/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा
8.मु0अ0स0 100/20 धारा 379 भादवि थाना कमासिन जनपद बांदा
9.मु0अ0स0 112/20 धारा 380 भादवि थाना कमासिन जनपद बांदा
10.मु0अ0स0 117/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कमासिन जनपद बांदा
11.मु0अ0स0 114/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मरका जनपद बांदा

गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.प्र0नि0 थाना मरका ऋषिदेव सिंह
2.उ0नि0 अनुराग पाण्डेय
3.उ0नि0 आशाराम यादव
4.कां0 नकुल राय
5.कां0 जितेन्द्र पाण्डेय
6.कां0 हृदेश सैनी

# कृषि राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश सही के द्वारा झांसी, कानपुर एवं चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा की संयुक्त मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2024 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
मा0मंत्री कृषि, कृषि रक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उ0प्र0 सूर्य प्रताप शाही ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बॉद में आयोजित झांसी, कानपुर एवं चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा की संयुक्त मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2024 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। संयुक्त रबी गोष्ठी में बडी संख्या में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए मा0 कृषि मंत्री ने कहा कि किसान अपनी फसलों का उत्पादन बढायें और अपने खेतों को खाली न छोडें। बुन्देलखण्ड के शत-प्रतिशत किसानों को सिंचाई हेतु सोलर पम्प की सुविधा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की दशा सुधारने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पहले बुन्देलखण्ड में पानी की बहुत समस्या थी लेकिन अब सरकार द्वारा हजारों करोड़ की योजना के द्वारा हर घर नल जल योजना से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी क्षमता व ऊर्जा का उपयोग कर आगे बढना है तथा सभी को कृषि से सम्बन्धित अच्छे तरीके अपनाकर अपना एवं अपने परिवार की तरक्की करना है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 7 लाख 57 हजार 853 किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में मोटे अनाज का अधिक उत्पादन हो, इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान का खेत ही उसकी पहचान है, किसान कृषि कार्य के साथ उद्यान विभाग की योजनाओं बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण के द्वारा भी लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा अब किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रबी फसल की कार्ययोजना के साथ ही खरीफ की कार्ययोजना अभी से तैयार करें, जिससे कि किसान खरीफ में भी अच्छी फसलों का उत्पादन कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की सुविधा हेतु पर्याप्त मात्रा में उर्वरक एवं बीज उपलब्ध हैं। किसानों को मिनी किट के द्वारा बीज का वितरण किया जा रहा है तथा ज्वार, बाजरा की खेती करें, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया जा रहा है तथा इन उत्पादनों की खरीद भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के लिए 33 प्रतिशत का अनुदान भी किसानों को दिया जा रहा है, जिसका लाभ किसान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि किसान चना, मटर, मसूर, सरसो की खेती को बढायें। उन्होने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गेंहूॅ के एमएसपी पर लगभग 900 रुपए की धनराशि प्रति कुन्तल खरीद में बढायी गयी है। किसान अपनी फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत अवश्य करायें। उन्होंने बताया कि जेवर में फल एवं सब्जी उत्पादन के लिए एक्पोर्ट हब बनाया जा रहा है तथा बुन्देलखण्ड के झांसी में भी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। गोष्ठी में किसानों की समस्याओं एवं उनके सुझावों को भी आमंत्रित करते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने गोष्ठी में किसानों को विभिन्न योजनाओं में सहायता धनराशि का वितरण किया, जिसके अन्तर्गत कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत किसान विद्यासागर को 12 लाख रुपए अनुदान एवं श्री कल्लू को 4 लाख रुपए का अनुदान व प्रमाण पत्र भेंट किया। सोलर पम्प योजना के अन्तर्गत किसान



विसम्भर सिंह को 7.5 एचपी सोलर पम्प के लिए 12 लाख रुपए का अनुदान तथा जयनारायण सिंह को लुकतरा को अनुदान की धनराशि का चेक भेंट किया। प्रधानमंत्री केएसवाई के अन्तर्गत खेत-तालाब योजना में लोहरा के मैथलीशरण एवं कमलेश मिश्रा को 1 लाख 14 हजार की धनराशि अलग-अलग भेंट की। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत लखनलाल को 3 लाख 23 हजार तथा घनश्याम, सियादुलारी व अन्य किसानों को मिनी किट का वितरण किया। गोष्ठी में कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विभागों द्वारा तथा एनआरएलएम योजना सहित महत्वपूर्ण योजनाओं के स्टाल लगाकर किसानों को महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गयी। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मोनिका एस गर्ग ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका फसल के उत्पादनों में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की अर्थ व्यवस्था को बनाने में भी किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विविधीकरण एवं उन्नत तकनीकी अपनाने के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसान मृदा परीक्षण अवश्य कराकर उसी के अनुरूप आवश्यकतानुसार कृषि उर्वरकों का उपयोग करें, इस कार्य में कृषि संगी एवं एफपीओ की मदद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान नवाचार सीखें और खेतों में जीवांश की वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि किसान मौसम आधारित खेती करें, जिससे उन्हें लाभ होगा, बुन्देलखण्ड में आवला, चन्दन, अंजीर, मूंगफली, अदरक व हल्दी की खेती के लिए उपयुक्त है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण की योजना का लाभ लेने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इससे किसान उद्यमी बनकर फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगा सकते हैं, जिससे उन्हें काफी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हर साल कृषि विज्ञान केन्द्र से दो ग्रामों को चयनित कर मॉडल कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। प्रमुख सचिव कृषि श्री रवीन्द्र कुमार ने कहा कि किसानों की आय बढाने की रणनिति हेतु गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि उन्नतशील बीज का उपयोग करें तथा संतुलित उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण के अनुसार करें। बुन्देलखण्ड में जल संरक्षण हेतु खेत-तालाब योजना, स्प्रिन्कलर सिंचाई की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि जानवरों से फसलों के बचाव हेतु बुन्देलखण्ड में सोलर फैसिंग की योजना भी शीघ्र संचालित की जायेगी। उन्होंने किसानों से कहा कि नई पद्धति से कृषि करें, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी और लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने सभी किसानों के लिए उर्वरक एवं बीज सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आलू, गेंहूॅ, सरसों में उत्पादकता बढी है। कृषि निदेशक ने कहा कि गोष्ठी में किसान भाइयों ने बहुत ही अच्छे विचार रखे हैं तथा अपनी समस्याओं को बताया, जिनका निराकरण किया जायेगा। फसल बीमा योजना के अन्तर्गत तुलसी की खेती को फसल बीमा से जोडने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को अच्छे किश्म के बीज आसानी से प्राप्त हो सकेगें तथा सिंचाई हेतु सोलर पम्प की बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों में करायी जायेगी। विशेष सचिव राजस्व अनुराग पटेल ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार वरासत प्रकरण तथा चकबन्दी से सम्बन्धित मामलों के निराकरण हेतु गॉव-गॉव चैपाल लगायी जा रही है तथा लोक अदालतों का भी आयोजन कर राजस्व वादों का निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा बाल कृष्ण त्रिपाठी ने मण्डल में कृषि बीज एवं फसली ऋण तथा उर्वरकों की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों को धनराशि का वितरण भी किया गया है। खेत-तालाब योजना तथा मिनी किट वितरण के साथ मण्डल में जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती को बढावा देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड में मिलेट्स के उत्पादन की बेहतर सम्भावनायें हैं, किसान मोटे अनाज का उत्पादन करें। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण हेतु खेत-तालाब योजना तथा किसानों को सिंचाई के लिए स्प्रिंक्लर सेट की व्यवस्था भी की गयी है। उन्होंने किसानों से कहा कि वह जागरूक होकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त कर तथा फसलों का उत्पादन बेहतर कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। पद्मश्री उमाशंकरण पाण्डेय ने कहा कि जनपद में कृषि विश्वविद्यालय, स्वयं सेवी संस्थायें, सरकारी विभाग तथा कृषि से सम्बन्धित सभी विभाग कृषि की तरक्की के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जनपद में बासमती चावल की अच्छी पैदावार है, जिसके क्रय करने तथा मूल्य निर्धारण हेतु सरकारी स्तर पर प्रयास किया जाए। गोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता, पूर्व सांसद आर0के0सिंह पटेल, आयुक्त झांसी मण्डल विमल कुमार दुबे, संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर एन सी सविता, ग्राम विकास सचिव सुखलाल भारती, कृषि निदेशक जितेन्द्र सिंह, विशेष सचिव उद्यान ओम प्रकाश वर्मा, जिलाधिकारी बॉदा नगेन्द्र प्रताप, तीनों मण्डलों के मुख्य विकास अधिकारी तथा कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक सहित बडी संख्या में किसान बुन्धु उपस्थित रहे।

## AVBP के छात्रों ने बांदा जिले के सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में 70% छात्राओं को ईयर बैक लगाकर फेल करे जाने के संबंध में जिलाधिकारी बांदा को दिया संबोधित ज्ञापन



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बांदा द्वारा बांदा जिले में विभिन्न पॉलिटेक्निक विद्यालयों से डिप्लोमा प्राप्त कर रहे लगभग 70% छात्राओं को ईयर बैक लगाकर फेल करे जाने के संबंध में प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के अध्यक्ष को जिला अधिकारी महोदय की अनुपस्थिति में स्टेनो के माध्यम से विरोध प्रदर्शन कर कापी को दुबारा चेक कराने वाली फीस को माफ कराने को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में किया प्रदर्शन और ज्ञापन दिया गया जिसमे अश्इढ के सभी छात्र इस मौके पर विभाग संयोजक नीतीश कुमार निगम, जिला सह संयोजक आशीष पांडेय,नगर सह मंत्री प्रवीण सिंह,तनय सिंह , रामेंद्र शर्मा ,सत्यम सोनी, अमित कुमार, नीलेश शिवम सोनी, विजय कुमार, मंगलेश,यशवंत सतेंद्र शर्मा, शिव विलास , दिना नाथ ,मोहमद अलकैफ,अभिषेक सिंह, आदि छात्र मौजूद रहे।

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित

SHe-Box पोर्टल पर मलिाए एवं बालिकाए कर सकती है शिकायत: जिाधिकारी

संस्कार उजाला
शाहजहांपुर/बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं एवं मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन कलैक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में किया गया।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त कार्यालयों, स्कूलों, कालेजों, एवं समस्त औद्योगिक संस्थाओं आदि में जहां पर 10 से ज्यादा महिला कार्मिक कार्यरत हैं वहां पर पोक्सो एक्ट कमेटी का गठन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा कमेटी के सदस्यसों के नाम मोबाइल नंबर सहित चस्पा किया जाए तथा नियमित सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शी-बॉक्स (रत्नी-इङ्ग७) पोर्टल पर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार तथा प्रत्येक महिला तक एक विंडो के रूप में पहुंचाया जाए ताकि महिलाएं अपनी शिकायत सरलतापूर्वक दर्ज करा सके। जिलाधिकारी ने उनकी शिकायत के त्वरित निवारण हेतु संबंधित अधिकारी को नामित किये जाने के भी निर्देश दिये। सीएच एक्ट के अंतर्गत जनपद पर किसी कार्यालय से शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निवारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तर पर गठित लोकल कमेटी, इंटरनल कमेटी का (एसएच एक्ट) पर अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाए। तहसील दिवस एवं थाना दिवस के दौरान इंटरएक्टिव टूट का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने बच्चों







एवं महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हॉटस्पॉट एरिया को चिन्हित कर वहां पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों से निकलकर जीवन की मुख्य धारा में पुनर्वासित हुई महिलाओं एवं बच्चों को जनपद स्तर पर रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होने कहा कि जनपद की समस्त आवासीय संस्थानों में सुरक्षा संबंधी छमाही ऑडिट कराया जाए। जिलाधिकारी ने शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग को महिला एवं बच्चों के संरक्षण हेतु बाउंड्री वॉल पर कैट वायर, फेसिंग गेट की व्यवस्था करन के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बच्चों एवं महिलाओं की संस्थाओं में गेट पर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था तथा आगंतुक रजिस्टर की व्यवस्था अवश्यक रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाए। बच्चों एवं महिलाओं की संस्थानों में शिकायत पेटिका की व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में पोक्सो एक्ट जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाए। प्रत्येक विद्यालय में बालक बालिकाओं एवं महिलाओं के संरक्षण प्रदान करने वाले कानून का प्रचार प्रसार किया जाए। ड्रॉप आउट बालक एवं बालिकाओं की सर्वे करते हुए उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। समस्त शैक्षिक संस्थानों तथा चिन्हित स्थानों पर अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु पर्याप्त रोशनी व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाए। समस्त शैक्षिक संस्थानों में महिलाओं तथा बच्चों की रियल टाइम उपस्थित लगवाई जाए तथा पीटीएम में अभिभावकों से साझा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार को सुबह असेंबली में सुरक्षा संबंधी शपथ दिलवाई जाए। उन्होने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को चिन्हित कर बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी तथा योजना से संबंधित विभागों के हेल्पलाइन नंबर के डिस्प्ले हेतु समस्त शैक्षिक संस्थानों में नोटिस बोर्ड लगाया जाए। संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महिला कल्याण में संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य व कोविड) के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं लाभार्थियों की समस्याओं को सुनते हुये उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने संबधित विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित बच्चों को उपहार भेंट किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में समस्यायें आती है, लेकिन हमें इन समस्याओं का निर्भीक होकर सामना करते हुये सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नं0-1098, वन स्टॉप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं जनसुनवाई पोर्टल की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये महिला सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, जिला प्रोबेशन गौरव मिश्रा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण एवं महिला कल्याण विभाग के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु मलाये जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा पार्वती डिग्री कॉलेज नरैनी में जागरुकता अभियान गरूड़ का किया गया आयोजन ।

छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं तथा साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में दी गई जानकारी ।

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.ड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है हर नारी में छुपी है शक्ति अपार, अब उसे मिल रहा है उसका अधिकार जागेगी वो, तो जागेगा समाज, मिशन शक्ति से नारी पाएगी नया अंदाज इसी क्रम में आज दिनांक 08.10.2024 को क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में नरैनी के पार्वती डिग्री कॉलेज में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान का उद्देश्य कॉलेज की छात्राओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें । इस अवसर पर छात्राओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जानकारी दी गई । मिशन शक्ति अभियान की कड़ी के रुप में ही बांदा पुलिस द्वारा ऑपरेशन गरूड़ चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी



तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है साथ ही उन्हे साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे फिशिंग, मैलवेयर, डेटा ब्रिच, हैकिंग, आईडी थेफ्ट आदि के बारे में भी जानकारी दी गई । बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न अपराधों एवं महिला सशक्तीकरण की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्मों को दिखाकर जागरुक किया गया । जागरुकता अभियान के दौरान कॉलेज की कक्षा-11 की छात्रा दिव्यांशी मिश्रा को ह्वशिक्षामित्रह्व नियुक्त किया जो जागरुकता अभियान में मिशन शक्ति टीम का सहयोग करेंगी तथा अपने आसपास की महिलाओं को भी जागरुक करेंगी जागरुकता अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया मिशन शक्ति की ये पुकार नारी का सम्मान है हमारा आधार नारी गरिमा और सशक्तिकरण की बात, बढ़ाए हर कदम, दे उसे नई सौगात

## दुर्गा महोत्सव रामलीला कमेटी द्वारा आज पांचवे दिन की रामलीला में दशरथ कैकेई संवाद एवं राम वनवास की लीला दिखाई गई

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
दुर्गा महोत्सव पर श्री रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय श्री रामलीला के पांचवें दिन उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा दशरथ-कैकेई संवाद, राम वनवास तथा केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया। लीला के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के पांचवें दिन सोमवार की रात लीला देखने हेतु पूरा पांडाल खचाखच भरा रहा। एक बार सब सहित समाजा, राजसभा रघुराज विराजा। राजा दशरथ अपनी सभा में राम जी को राजा बनाने की चर्चा पर विचार कर रहे थे। सभी प्रजावासियों का मत लेते हुए राजा दशरथ ने राम जी को राजा बनाने की घोषणा की लेकिन समय का चक्र घूमा और देवताओं को लगा कि अगर राम जी राजा बन गए तो राक्षसों का विनाश तथा धर्म की रक्षा कैसे हो पाएगी। अर्थात जिस हेतु स्वयं नारायण ने पृथ्वीतल मे अवतार लिया है वह पूर्ण नहीं हो पाएगा। इसलिए देवताओं की मंशानुरूप माता सरस्वती ने मंथरा की मति बदल दी। परिणामस्वरूप मंथरा के कहने पर महारानी



ने राजा दशरथ से दो वचन ले लिए। जिसमें भरत को राज और राम को चौदह वर्ष का वनवास मांग लिया। पिता की आज्ञा को शिरोधार्य कर राम जी वनवास जाने को तैयार हो गए। उसी समय माता जानकी को जब यह समाचार मिला तो वह राम जी के साथ वन जाने का हठ करने लगीं और कहा कि हे प्रभु जैसे जल के बिना मछली जीवित नहीं रह सकती उसी प्रकार मैं आपके बनवास चले जाने पर यहां कैसे रह सकती हूं। जानकी जी की करुणामयी विनती को स्वीकार कर राम ने साथ ले चलने की हामी भर ली। उधर श्रीराम को वनवास की सूचना पाकर लक्ष्मण जी सोचने लगे ३मो कहु काह कहब रघुनाथा,रखिहै भवन कि लैहै साथा३। मुझे बड़े भइया साथ में ले चलेंगे या यहीं रखेंगे। यही विचार करते हुए भइया राम जी के पास चल देते हैं और राम जी के पास पहुंच कर उनसे विनम्रता पूर्वक कहते हैं कि हे प्रभु आप वन जा रहे हैं तो यह सेवक भी आपके साथ चलने की आकांक्षा कर रहा है। राम जी ने लक्ष्मण की विनती सुनते हुए कहा कि अस जिय जान सुनहु सिख भाई, करहु मातु पितु पर सेवकाई। अर्थात अपने हृदय में यह सीख जानते हुए माता पिता की सेवा करने के लिए कहा। उसी समय लक्ष्मण जी बोले कि हे महाप्रभु आपने मुझे सीख तो बहुत अच्छी दी लेकिन यह सीख मेरे लिए अगम है अर्थात पहुंच के बाहर है क्योंकि गुरू पितु मातु न जानौ काहू, कहहु स्वभाव नाथ पति आहू। ऐसा सुनकर राम जी ने लक्ष्मण को साथ चलने की हामी भर ली। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम निषादराज से मिलते हुए केवट के पास पहुंचे। इस अवसर पर केवट संवाद सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। केवट ने प्रभु के चरण पखारे और श्री राम, लक्ष्मण व माता सीता को गंगा के उस पार किया। इस अवसर पर कमेटी प्रबन्धक आनंद स्वरूप द्विवेदी, अध्यक्ष अनिल कुमार लखेरा, महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, हरवंश श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, धीरज गुप्ता, मनीष बजाज, सीताराम गुप्ता, सुरेश प्रजापति, देवा सिंह, राहुल गुप्ता, निखिल गुप्ता, संतोष गुप्ता, गोविंद तिवारी, शिवम द्विवेदी, कृष्णा सोनी, शोभित कुशवाहा, अथर्व गुप्ता ने व्यवस्था संभाली।

## जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बांदा द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर शासन के निदेर्शानुसार जनपद-बाँदा की 05 तहसीलों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बांदा राजेश्वर कौर ने बताया है कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा तहसीलों के ब्लाक मुख्यालय पर जागरुकता शिविर का आयोजन उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद की समस्त तहसीलों के विकास खण्ड मुख्यालय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आवेदन से लेकर उद्योग स्थापना तक सभी प्रक्रिया विभागीय बेवसाइड upkvib.gov.in पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा। वित्तीय वर्ष-2024-25 हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर शासन के निदेर्शानुसार जनपद-बाँदा की 05 तहसीलों में एक-एक जागरूकता शिविर (एस०सी० एवं सामान्य जाति) का आयोजन समय-समय पर किया जायेगा। जागरूकता शिविर में शिक्षित बेरोजगार महिलाएं एवं पुरूष ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जागरूकता शिविर में उद्योग लगाने एवं उद्योग सम्बंधी समस्त जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। तदोपरान्त प्रतिभागी किस उद्योग में इकाई लगाना चाहता है, से सम्बंधित जानकारी दी जायेगी। इच्छुक लाभार्थी (आधार कार्ड, फोटो, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक आदि) प्रपत्रों को पोर्टल में संलग्न करते हुए आवेदन-पत्र ऑनलाइन सबमिट करें, तथा आवेदन के समस्त प्रपत्रों की हार्डकॉपी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, शान्ति सदन, कटरा-बाँदा में जमा करें। अधिक जानकारी हेतु मो० नं0-9580503143, 7651871625, 8957185868 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल बांदा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल बांदा मोहित जायसवाल ने बताया है कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शो के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बाँदा द्वारा कार्यालय परिसर में, जनपद-बाँदा में दिनांक 10.10.2024, दिन गुरूवार को प्रात: 10 बजे एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियों तथा फोटो अवश्य लावें। अभ्यर्थी इस स्वर्णिम मौके का लाभ अवश्य उठायें एवं अधिकाधिक संख्या में सेवायोजित हो।

# बीजेपी की जीत पर नायब सिंह सैनी का बड़ा बयान, बताया प्रचंड जीत के पीछे का राज

**चंडीगढ़।** हरियाणा की 15वीं विधानसभा के गठन के लिए 5 अक्टूबर को हुई मतगणना के बाद आज सुबह से ही मतगणना का सिलसिला जारी है। पहले राउंड के दौरान जहां कांग्रेस को बढ़त मिलती दिखाई दे रही थी। वहीं, ईवीएम मशीन के खुलते ही भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने के जादुई आंकड़े तक अकेले पहुंचकर बहुमत से सरकार बनाती नजर आने लगी।

इसे लेकर बीजेपी खेमे में खुशी की लहर दिखाई देने लगी। इसी बीच लाडवा विधानसभा से जीतने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खास बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में मिल रही एक तरफा जीत को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम नेताओं और पार्टी की नीतियों की जीत बताया।

**सवाल:-** कांग्रेस चुनाव आयोग पर अधिकारियों पर दवाब का आरोप लगा रही है?

**जवाब:-** मैने पहले ही कहा था कि 8 तारीख को हरियाणा की जनता देगी जवाब, और ये कहेंगे ईवीएम है खराब। हरियाणा के लोग विकास की नीतियों पर विश्वास करते हैं। यहीं कारण है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने हैट्रिक लगाने का काम किया है। अब एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन का सरकार मिलकर हरियाणा के हित में फैसले लेते हुए विकास के अन्य कार्य करेगी।

**सवाल:-**बीजेपी की प्रचंड जीत के पीछे क्या कारण रहे?

**जवाब:-** हरियाणा के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा एक हरियाणवीं एक की नीति पर विश्वास जताया है, क्योंकि बीजेपी ने आम नागरिक के जीवन को सरल, सुगम करने का काम करने के साथ ही लोगों को राहत देने के काम किए हैं, जबकि कांग्रेस ने लोगों को लाइन में खड़ा कर दिया था। 4-4 दिन तक लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिलता था। बीजेपी ने इससे लोगों को राहत दिलाई है। गरीब व्यक्ति तक योजनाबद्ध तरीके से बीजेपी सरकार ने लाभ पहुंचाया है, उसका एक सकारात्मक संदेश गया है। बीजेपी ने समाज में हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के काम किया है। उसी आधार पर जनता ने बीजेपी के पक्ष में मतदान किया है।

**सवाल:-** लाडवा आपके लिए नई कर्मभूमि था?

**जवाब:-** नहीं, यह मेरे लिए नई कर्मभूमि नहीं थी। पहले भी इसी जिले कुरुक्षेत्र से सांसद रहा हूं। यहां के लोगों ने बीजेपी के निशान पर जिताकर उन्हें संसद में भेजा था। अब इन लोगों ने एक बार फिर से उन्हें जीताकर विधानसभा में भेजने का काम किया है। बीजेपी के घोषणा पत्र के अलावा वह लाडवा की जनता के साथ किए गए वादों को जल्द ही अमलीजामा पहनाएंगे।

**सवाल:-** कांग्रेस की हार का क्या कारण मानते हैं?

**जवाब:-** कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस में जिस भी दलित और बीसी समाज नेता ने ऊपर उबरने की कोशिश की, उसे कुचलने का काम किया है। कांग्रेस की मंशा है कि वह वोट लेकर इन लोगों का शोषण करते रहे। वह उसी आधार पर राज करते रहे हैं, लेकिन अब इनका (कांग्रेस का) ना झूठ नहीं चलेगा, ना लूट और ना झांसा चलने वाला। इसीलिए हरियाणा की जनता ने उन्हें तीसरी बार इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की कितनी हदें पार की जनता को सब पता है। पर्ची-खर्ची से युवाओं को रोजगार मिलता था। किसानों को फसल बचने में दिक्कत आती थी, यह क्वालिटी कांग्रेस में है। कांग्रेस के राज में लाइन में खड़े होकर सिलेंडर मिलता था। बिजली नहीं आती थी और रात में मच्छर काटते थे।

**सवाल:-** कांग्रेस ने तो सुबह जलेबी बंटवा दी थी?

**जवाब:-** राहुल गांधी ने हरियाणा दौरे के दौरान जलेबी की फैक्ट्री लगाने की बात कही थी। अब वहीं जलेबी ही कांग्रेस को ले बैठी। हमारे यहां कईं प्रकार की जलेबी होती है। उसे (राहुल गांधी) को हमारी संस्कृति की ही पहचान नहीं है। हमें गर्व है गोहाना पर हमारी ऐसी जलेबी है।

**सवाल:-** कांग्रेस की ओर से बड़े-बड़े दावे किए गए थे?

**जवाब:-** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, हिमाचल और कर्नाटक में जनता से कईं वादे किए थे, लेकिन चुनाव के बाद वह किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाई। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस दावा करती थी कि वहां किसी और दल की सरकार नहीं बन सकती। हिमाचल और कर्नाटक के हालात देखकर हरियाणा की जनता कांग्रेस की सच्चाई



को जान चुकी है। इसलिए अब हरियाणा की जनता उनके बहकावे में नहीं आने वाली। कांग्रेस जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद की राजनीति करती है, जबकि बीजेपी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

**सवाल:-** अब आगे क्या रणनीति रहेगी?

**जवाब:-** हरियाणा में अपनी चुनावी जनसभाओं के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से सभी घोषणाओं को पूरी करने की गारंटी दी थी। हरियाणा की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया है। अब मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार मिलकर तीव्र गति से प्रदेश का नॉन स्टॉप विकास करेंगे।

## विनेश फोगाट ने अपनी नैया तो पार लगा ली पर कांग्रेस को डूबा दिया- बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवान पर कसा तंज

**चंडीगढ़।** ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को बतौर कांग्रेस उम्मीदवार अपना पहला चुनाव जीत लिया। इसे लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह तंज कसा है। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट ने मेरा नाम लेकर अपनी नैया तो पार लगा ली लेकिन कांग्रेस को डूबा दिया। आप ?को बता दें कि कांग्रेस ने जुलाना विधानसभा महिला पहलवान विनेश फोगाट को उम्मीदवार बनाया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के योगेश कुमार को फोगाट ने कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया दिया है।



इस सीट पर विनेश फोगाट के सामने सामने एक और रेसलर थीं लेकिन उनको गिनती के महज 1200 से अधिक वोट म?िले।आम आदमी पार्टी (क्क) ने व?िनेश के खिलाफ झ्ख्स्न्न की रेसलर कव?िता रानी (कव?िता दलाल) को उतारा था, जिनकी जमानत जब्त हो गई। विनेश फोगाट को कुल मिलाकर 65,080 वोट मिले। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेश कुमार को 59,065 वोट मिले, इस तरह विनेश को 6015 वोटों से जीत मिली। खास बात यह रही कि विनेश के खिलाफ जुलाना विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी ने एक और रेसलर कविता रानी को टिकट दिया जो महज 1280 वोट पा सकीं इस तरह उनकी जमानत जब्त हो गई।

## बीजेपी की जीत पर राकेश टिकैत का करारा हमला, बोले- देश गड्ढे में जाएगा



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। इसको लेकर किसान नेता राकेश टिकैत ने बड़ा बयान दिया है। राकेश टिकैत ने कहा कि अब देश और अधिक गड्ढे में जाएगा।

दरअसल बीकेयू नेता राकेश टिकैत को भी उम्मीद थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। टिकैत ने खुले तौर पर भले ही कांग्रेस के लिए वोट नहीं मांगा, लेकिन अंदरखाने कहीं न कहीं वह कांग्रेस को समर्थन दे रहे थे, यही कारण है कि हरियाणा में जब बीजेपी की सरकार बनने वाली है, तो राकेश टिकैत भड़क उठे और बड़ा बयान दे दिया। टिकैत ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ इतनी नाराजगी के बाद भी अगर वह जीत जाती है, तो देश पूरा बिक जाएगा, देश गड्ढे में चला जाएगा।

टिकैत ने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा है कि हरियाणा की जनता बीजेपी से इतनी नाराज थी, फिर भी उसी की सरकार बन रही है। पता नहीं यह कैसे हो जाता है। हमें नहीं लग रहा है कि बीजेपी को जनता ने मौका दिया है, कुछ न कुछ इसमें घालमेल जरूर है। सरकार कैसे बनाने ही, इसके लिए हर संभव तरीके केंद्र इस सरकार को पता है। लोगों को कैसे तोड़कर सरकार बनानी है, यह गणित इस सरकार को अच्छी तरह आता है।

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश का आरोप - सुस्त है आयोग की साइट, नतीजों को तेजी से अपडेट करने की उठाई मांग

**करनाल।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव में मतगणना जारी है। शुरुआती रुझान में कांग्रेस को बढ़त मिली रही थी लेकिन कुछ ही देर में बाजी पलट गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 48 सीटों पर आगे है जबकि कांग्रेस 36 सीट पर आगे है। इसे लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि चुनाव आयोग जानबूझकर डेटा को धीरे-धीरे अपडेट कर रहा है, जिससे नतीजों में पारदर्शिता को खतरा पैदा हो रहा है।




कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने कहा, ÷चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी रुझानों को जानबूझकर धीमी गति से साझा किया जा रहा है। इससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, ÷ऐसा पहली बार हो रहा है कि चैनल अपने रिपोर्टर के आंकड़े नहीं बल्कि चुनाव आयोग के आंकड़े दिखा रहे हैं और चुनाव आयोग के आंकड़े 4 या 5वें राउंड के हैं जबकि हमारे कंट्रोल रूम से 11/12 राउंड के आंकड़े आ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 4 राउंड के बाद विनेश फोगाट को पीछे दिखाया गया लेकिन 9 राउंड के बाद वो 5200 वोटों से आगे हैं। आंकड़ों में इस अंतर को लेकर हमारे महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर चुनाव आयोग से पूछा है कि स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने की ये क्या कोशिश है? हम चुनाव आयोग से इस पर तुरंत कार्रवाई करने और रुझानों को अपडेट करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोप का खंडन किया है।

आप को बता दें कि हरियाणा विधान सभा की 90 सीटों पर मतगणना जारी है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होने के बाद से ही राज्य में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला चल रहा है। टीवी चैनलों पर उपलब्ध शुरुआती रुझानों में कांग्रेस को भाजपा से आगे दिखाया गया था लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी ने बाद में तेजी से बढ़त बना ली। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भाजपा 48 सीट पर और कांग्रेस 34 सीट पर आगे है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। राज्य के 22 जिलों में 93 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए सुबह आठ बजे मतगणना चल रही है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगातार तीसरी बार जीत मिलने की उम्मीद है जबकि कांग्रेस को 10 साल बाद सत्ता में लौटने की उम्मीद है।

## देश की सबसे अमीर महिला को बीजेपी ने नहीं दिया था टिकट, निर्दलीय लड़कर जीता चुनाव



हिसार : हिसार विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने इस सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के राम निवास रारा को 20,000 से अधिक वोटों से हराया है। फोर्ब्स के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 तक सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 3.65 लाख करोड़ रुपये थी।

## संक्षिप्त डायरी

### हिसार से सावित्री जिन्दल की भारी जीत के बाद जश्न का माहौल, वोटरों का किया धन्यवाद

**पूरे शहर में आतिशबाजी और ढोल की गूंज, लड्डू बंटे, बधाई देने वालों का तांता**

संस्कार उजाला

**हरियाणा/ हिसार (गरिमा)**



विधानसभा चुनाव में हिसार से जनता की प्रत्याशी सावित्री जिन्दल की जीत के बाद पूरे शहर में जश्न का माहौल है। चारों ओर लड्डू बंटे और लोगों ने खूब बधाइयां दीं। हिसार परिवार ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल की थाम पर खूब थिरके। सावित्री जिन्दल ने कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास राड़ा को पराजित किया। जीत के बाद उन्होंने मतदाताओं का धन्यवाद किया। इस दौरान उनके उनके बेटे सज्जन जिन्दल, कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिन्दल, बेटी सीमा जिन्दल समेत परिवार के अनेक लोग और बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे। विधानसभा चुनाव के लिए जनता की प्रत्याशी के रूप में 12 सितंबर को नामांकन दाखिल करने के बाद सावित्री जिन्दल की ममतामयी और साफ–सुथरी छवि के साथ–साथ स्वच्छ और सुंदर हिसार के लिए काम करने के उनके वादे पर हिसार परिवार ने अपनी मुहर लगा दी। आज दोपहर बाद अंतिम दौर की मतगणना के बाद ही जिन्दल हाउस में समर्थकों का तांता लगने लगा। आतिशबाजी होने लगी, ढोल बजने लगे। धीरे–धीरे शहर भर के समर्थक जिन्दल हाउस में जुटने लगे। समर्थकों की बढ़ती भीड़ देख सावित्री जिन्दल ने जिन्दल हाउस प्रांगण में लोगों का धन्यवाद करने के बाद रोड शो के रूप में कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुई। पूरे रास्ते समर्थक खुशी में नारे लगाते और झूमते नजर आए।

### भाजपा के पक्ष में चुनावी रुझान आते ही हिसार से भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल ,गुप्ता के आवास पर जमा हुए कार्यकर्ता

**दी एक दूसरे को बधाई। लड्डू बांटे गए। आतिशबाजी छोड़ी गई।**

संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :**



आज भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक एकत्रित होकर पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता के मलिक चौक स्थित आवास पर पहुंच कर एक दूसरे को लड्डू खिला कर बधाइयां दी व खुशी मनाई । कार्यकर्ता भाजपा के पक्ष में रुझान आते ही भारी संख्या में भाजपा प्रत्याशी के आवास पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। पूर्व मंत्री बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थे। व सभी को बधाइयां दे रहे थे। इस अवसर पर डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पसंद करते हुए भाजपा को अपना मत दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रदेश सरकार की नीतियों की जीत है। पिछले 10वर्षों में भ्ष्टार्चार की समाप्ति हुई है। खर्ची–पर्ची का साम्राज्य समाप्त हुआ। मेरिट के आधार पर घर बैठे नोकरियों दी गई। प्रशासन में पारदर्शिता आई। जबकि कांग्रेस ने केवल जातिआधार पर वोट बटोरने का काम किया।परन्तु मतदाताओं ने अपनी सूझ– बूझ का परिचय देते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता डर गई थी कि यदि हुड्डा सरकार आ गई तो फिर से प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जाएगा।

### धनशक्ति के आगे जनशक्ति की हुई जीत : अशोक अरोड़ा

**मतदाताओं और कार्यकताओं का आभार जताया अशोक अरोड़ा ने**

**हजारों कांग्रेस कार्यकताओं ने ढोल की थाप पर नाचकर, लड्डू बांटकर दी जीत की बधाई**

संस्कार उजाला

**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** थानेसर कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक अशोक अरोड़ा ने अपनी विजय का श्रेय पार्टी के कार्यकताओं को देते हुए कहा कि कार्यकताओं के कठिन परिश्रम और मेहनत से ही थानेसर में कांग्रेस की जीत हुई है। अरोड़ा ने थानेसर हलके कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी कार्यकताओं का कर्जा जिंदगी भर नही उतार सकते। उन्होने कार्यकताओं को विश्वास दिलाया कि वे हर दुख सुख की घड़ी में उनके साथ खडे रहेंगें। अरोड़ा ने कहा कि थानेसर हलके में धनशक्ति पर जनशक्ति की विजय हुई है। भाजपा प्रत्याशी ने धन शक्ति के सहारे मतदाताओं का इमान खरीदना चाहा, लेकिन थानेसर हलके के मतदाताओं ने अपना स्वाभिमान कायम रखा और धनशक्ति को ठुकरा दिया। उन्होने कहा कि उनके प्रतिद्वंदी ने चुनाव में धनशक्ति का जमकर प्रयोग किया। लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस को विजयी बनाने का मन बना रखा था। हलके की जनता ने कांग्रेस का चुनाव लड़ा और धनशक्ति के सहारे चुनाव जीतने का सपना देखने वालों को करारा जवाब दिया। इसके लिए अरोड़ा ने दिल गहराईयों से हलके की जनता का आभार व्यक्त किया। ढोल की थाप पर झूमे कार्यकर्ता जैसे ही कार्यकताओं को अशोक अरोड़ा के जीतने का समाचार मिला तो कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल की थाप व डीजे पर नाचने लगे। कार्यकताओं ने आतिशबाजी व पटाखे चलाए गए। इस दौरान थानेसर कांग्रेस के मुख्य कार्यालय बैरागी धर्मशाला में सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हो गए व नाचकर, लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करने लगे। हजारों कार्यकताओं के साथ निकाला रोड़ शो जीत दर्ज करने के बाद अशोक अरोड़ा जीप पर सवार होकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से रोड़ शो केयू सेकेंड गेट, महाराणा प्रताप चौक व नया बाजार, सिकरी चौक, पुरानी सब्जी मंडी छोटा बाजार, रोटरी चौक, विश्वकर्मा चौक, सेक्टर 17, रेलवे रोड, अबेंडेकर चौक, गुरुद्वारा चौक से होकर बैरागी धर्मशाला पहुंचा। थानेसर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों ने उनका जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। आतिशबाजी की गई। जगह जगह लड्डू बांटे गए। कांग्रेस जिंदाबाद व अशोक अरोड़ा जिंदाबाद के नारों से आसमान गूंज उठा। इस दौरान कार्यकताओं का हौंसला देखने लायक था। रोड शो में अशोक अरोड़ा की धर्मपत्नी लता अरोड़ा, बेटा हिमांशु अरोड़ा, पुत्रवधु हिना अरोड़ा, पौत्र मौर्य अरोड़ा, पौत्री ख्वाईस सहित परिजन कार्यकर्ता शामिल हुए।



# विधानसभा चुनाव में धराशायी हुए चौटाला परिवार के दिग्गज, इन नेताओं ने बचा ली लाज

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनने की बात कही जा रही थी, लेकिन अब भाजपा स्पष्ट बहुमत पाती नजर आ रही है। भाजपा अब तक के रुझानों में 50 सीटों पर आगे चल रही है।

### चौटाला परिवार को जनता ने नकारा

इस चुनाव के रुझानों में कई दिग्गज अपनी सीट हारते दिख रहे हैं। इसके अलावा पूरे चौटाला परिवार को हरियाणा की जनता ने नकार दिया है। चाहे अभय चौटाला की इनेलो हो या दुष्यंत चौटाला की जेजेपी, दोनों के बड़े बड़े किले ढहते दिख रहे हैं। केवल इनेलो के अर्जुन चौटाला ही अपनी रानिया सीट से जीत पाए।

### जेजेपी की बत्ती गोल, मुरझाया कमल

जननायक जनता पार्टी यानी जेजेपी को भारतीय जनता पार्टी से अलग होने का खूब नुकसान हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले दुष्यंत चौटाला की पार्टी को 14 फीसदी वोटों का नुकसान होता दिख रहा है।

### चौटाला परिवार से कौन-कौन उम्मीदवार हैं?

-दुष्यंत चौटाला- हिसार के उचाना कलां से चुनाव लड़ रहे दुष्यंत चौटाला बुरी तरह हार गए।

-अभय चौटाला- सिरसा के ऐलानाबाद से चुनाव लड़ रहे अभय चौटाला के हाथ भी हार लगी

-आदित्य चौटाला- डबावाली सीट से चुनाव लड़ रहे अभय चौटाला के बेटे आदित्य ने भी जीत हासिल की

-दिग्विजय चौटाला- दुष्यंत चौटाला के भाई दिग्विजय डबावाली सीट से ही मैदान में थे। उन्हें भी हार मिली

-अर्जुन चौटाला- अभय चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला रानियां सीट से चुनाव जीता है।

### सियासत में चौटाला परिवार का दबदबा

1967 में हरियाणा को अलग कर पहली बार चुनाव कराया गया था। तब से हरियाणा की सियासत में चौटाला परिवार का सियासी दबदबा रहा है. उस वक्त चौधरी देवीलाल प्रमुख भूमिका में थे। देवीलाल ने 1967 से लेकर 1989 तक हरियाणा की राजनीति की. वे इस दौरान दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। 1989 में भारत के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर बनने के बाद देवीलाल ने सीएम की कुर्सी अपने बेटे चौधरी ओम प्रकाश चौटाला को सौंप दिया। उस वक्त उनके छोटे बेटे रणजीत चौटाला भी सीएम पद के दावेदार थे।

ओम प्रकाश चौटाला कुल 4 बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। 2005 में चौटाला हार गए, तब से सत्ता की चौटाला परिवार सीधे तौर पर सत्ता में



नहीं आ पाई। 2018 में चौटाला परिवार का विभाजन हो गया।दादा ओम प्रकाश और उनके छोटे बेटे अभय चौटाला के खिलाफ दुष्यंत चौटाला ने बगावत कर दी।

दुष्यंत ने अपने पिता अजय सिंह चौटाला के साथ खुद की पार्टी बना ली। 2019 के चुनाव में जेजेपी को 10 सीटों पर जीत मिली और उसकी भूमिका सरकार में किंगमेकर की रही। इस बार दोनों ही पार्टियां अलग-अलग गठबंधन के साथ मैदान में था।

# अपने सपनों को साकार करने के लिए कहीं हम बच्चों का बचपन तो नहीं छिन रहें हैं: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**अपने कार्य मे दक्ष बनने हेतु अपनी इच्छा और रूचि अनुसार करें स्किल डवलपमेंट: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**




संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है :जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश बनाने में महिलाओं की होगी विशेष भूमिका :जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों के साथ जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में "शक्ति संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया।शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी महोदय इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बाल सेवा योजना, अटल आवासीय योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्किल डवलपमेंट कोर्सेस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। एक बालिका द्वारा पूछा गया कि हम अपने स्किल डवलपमेंट कैसे करें। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने से आपकी पसंद नौकरी पर नहीं लग सकते, आपको पहले अपने व्यवहारिक लक्ष्य का चयन करना होगा। लक्ष्य भी ऐसा होना चाहिए कि जिसमें आपकी इच्छा व रूचि हो और आप उसे कर पाएं, तब उसी क्षेत्र में आपका स्कील का डवलपमेंट होगा, जब आपका स्किल डवलपमेंट हो जायेगा या आप उस कला में पारंगत हो जायेंगें तो आप अपनी प्रतिभा से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। उपस्थित अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को अलग अलग कोर्स कराने, बड़े स्कूलों में पढ़ाने, ट्यूशन कोचिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने का कि शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हम लोग जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखते ही रहते हैं। बच्चों को उच्च शिक्षा, बेहतर शिक्षा देना हर मां बाप, अभिभावक का सपना होता है और वह अपने सपने को साकार करने हेतु भरसक प्रयासरत रहता है। लेकिन उस उच्च शिक्षा और बेहतर शिक्षा देने के साथ साथ हमें यह भी देखना चाहिए कि कहीं हम बच्चों से उनका बचपन तो नहीं छिन रहे हैं।जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रकृति ने पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत बनाया हैं। प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है। एक महिला ही एक अच्छे परिवार का निर्माण करती है और जब प्रत्येक परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा और समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा और एक अच्छा देश ही स्वस्थ्य, शिक्षित और समृद्ध देश होता है। शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2024 के अन्तर्गत बैठक का आयोजन किया गया।







संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2024 के अन्तर्गत बैठक का आयोजन किया गया ' जिसमें हरिओम अधिशासी अभियन्ता, गाजियाबाद संजय कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, गाजियाबाद, एन0पी0 सिंह, सिंचाई विभाग, गाजियाबाद, सृष्टी जायसवाल सहायक अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, गाजियाबाद श्री सतीश, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद, एवं अन्य विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा जनपद–गाजियाबाद में बाटर कन्जर्वेशन प्लान बनाने हेतु उक्त बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में 16 विभागो द्वारा बाटर कन्जर्वेशन प्लान प्रस्तुत किया गया। जिसके सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सभी 31 विभागों द्वारा गहन सर्वेक्षण करते हुये दिनांक 20–10–2024 तक जनपद के लघु सिंचाई विभाग स्थित जल शक्ति केंद्र पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सभी विभागी द्वारा प्राकृतिक जल संसाधन जैसे तालाब, झील, फार्म पौन्ड, रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि जल संरक्षण के कार्यों को वाटर कन्जर्वेशन प्लान में सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये। नोट कल देर से मीटिंग समाप्त होने के कारण नहीं बन पाया था, इसलिए आज जारी किया जा रहा है '

# प्रशासनिक अधिकारियों के आशीर्वाद से डग्गामार वाहनों के द्वारा लाखों की सेल टैक्स चोरी लगया जा रहा है सरकार को चूना



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
जहां पुलिस प्रशासन आये एनकाउंटर कर बदमाशों के हौसले पस्त कर वाही–वाही लूटने वाली पुलिस–प्रशासन के नाक के नीचे खुलेआम अवैध डग्गामार वाहन जिसमें अवैध बसें व यह ट्रक दिल्ली से मेरठ व अन्य जगहों के लिए वर्षों से रोड़ों पर घूम रहे हैं, सूत्रों की मानें तो जिसमें पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग,सेल टैक्स, आरटीओ, व अन्य विभाग,के अधिकारियों का आशिर्वाद प्राप्त है जोकि ऐसे वाहनों को कभी नहीं देख पाते हैं, जबकि बाईक व अन्य छोटे–छोटे वाहनों पर ले जा रहे थोड़े से सामान को पकड़ कर बिल मांगते व सामान की चैकिंग करने लगते हैं तो इतनी बड़ी गाड़ीयां प्रशासनिक अधिकारियों को क्यों नहीं दिखाई देते ना कोई इनकी चैकिंग होती है चाहे इसमें आतंकी हो,या कुछ गलत सामान ले जाते हों, चाहे सामान से टैक्स चोरी कर सरकार को लाखों का चूना लगा रहे हों,हां ऐक कार्रवाई जरूर होती है दिखावे के लिए छुटपुट चालान जरूर किये जाते हैं परंतु किसी भी विभाग के प्रशासनिक अधिकारी इन डग्गामार वाहनों को रोकने की कोशिश भी नहीं करता है,अब यह सोचने वाली बात है कि क्यों इन डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई नहीं होती है।

# नवरात्रि में माँ भगवती की वास्तविक पूजा, नारी उत्थान और उसे संवल प्रदान करना है। दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा

**नारी उत्थान की यात्रा में एक कदम आप भी हमारे साथ चलें। समविद एक्सपर्ट स्कूल**



संस्कार उजाला
**रिपोर्ट: रविंद्र आर्य**
समविद एक्सपर्ट स्कूल की नारी का अत्यधिक महत्व है क्योंकि वह शिक्षा, समाज और संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नारी न केवल परिवार और समाज को सशक्त बनाने में योगदान देती है, बल्कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षक होती है, जो समाज के भविष्य का निर्माण करती है। समविद एक्सपर्ट स्कूल की नारी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और नेतृत्व की क्षमता प्राप्त करती है। इस स्कूल में लड़कियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनके अधिकारों, स्वाभिमान और समाज में उनके योगदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके अलावा, नारी को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वह समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसी भाव को आत्मसात करते हुए वात्सल्य ग्राम में आभावग्रस्त माताओं– बहिनों को सवल बनाने की दृष्टि से उद्यमिता केंद्र के रूप में समविद एक्सपर्ट स्कूल की स्थापना की गयी है। जिसके माध्यम से बिभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है। कौशल विकास के अंतर्गत जिन माताओं एवं बहिनों ने कम्प्यूटर एवं सिलाई का 6 माह का कौशल प्रशिक्षण लिया उनको को परम पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा ने अपने कर कमलों से प्रमाण पत्र वितरित किये तथा अपना आशीर्वचन देते हुये कहा कि यह प्रमाण पत्र आपकी आत्मनिर्भरता और अपने भविष्य के विकास की यात्रा की शुरूआत है। यहाँ सिर्फ कौशल सिखाया नहीं जाता, बल्कि आपकी प्रतिभा को अनेक सम्भावनाओं का अवसर दिया जाता है ताकि आपका जीवन स्वाभिमानी और स्वावलंबी बन सके। आपके योगदान से ऐसी अनेक माता और बहनें अपने जीवन को संवार सकती हैं और आत्मविश्वास से भरपूर स्वतंत्र जीवन जी सकती हैं। इस सेवा कार्य से आप भी जुड़े और नारी उत्थान की यात्रा में एक कदम आप भी हमारे साथ चलें। लेखक रविंद्र आर्य 9953510133

# 48 घंटे में यति गिरफ्तार नहीं हुआ तो सडक पर होगी भीम आर्मी आसपा सत्यपाल चौधरी






संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
हजरत मौहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने वाले यति को यदि पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया तो खुद भीम आर्मी उसे ढूंढ कर पुलिस के हवाले करेगी. यह चेतावनी आजाद समाज पार्टी के नेता सत्यपाल चौधरी ने पुलिस ऑफिस में डी सी पी की मौजूदगी में दी. भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने हजरत मौहम्मद साहब पर बेअदब टिप्पणी करने वाले यति की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन कारियों को सम्बोधित करते हुए आसपा नेता सत्यपाल चौधरी ने कहा कि एक बद जुबान आदमी इंसानियत और भाई चारे को खत्म करने की बार बार हिमाकत करता है लेकिन पुलिस अक्सर उसके बचाव में कूद पडती है. उन्होंने कहा कि मुस्लिम भाई इस लड़ाई में पीछे हो जाएँ और भीम आर्मी को मोर्चा संभालने दें. चौधरी ने आरोप लगाया कि आक्रोशित मौलानाओ और उलेमाओ को लोकतान्त्रिक तरीके से पुलिस विरोध प्रदर्शन भी नहीं करने दे रही है और उन पर नवी की बेअदबी पर चुप बैठने का दवाब बनाया जा रहा है. 48 घंटे के भीतर यति की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम देते हुए आसपा नेता सत्यपाल चौधरी ने डी सी पी को ज्ञापन सौपा. इस अवसर पर राष्ट्रीय कोर टीम सदस्य गुलजार सिद्दीकी ने कहा कि माहौल और भाईचारा खत्म करने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चन्द्र शेखर आजाद को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी जा रही है. उन्हें जल्दी ही गाजियाबाद बुलाने की कोशिश की जाएगी.प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना गौतम, प्रदेश सचिव कपिल आजाद, जिलाध्यक्ष मनोज जाटव, मंडल युवा अध्यक्ष अफजल सैफी, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र, युवा जिलाध्यक्ष राहुल छजलाना, एन डी खान, गौतम बुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# गांव मोरटा में संतोष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल गाजियाबाद के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया,




संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
बताते चलें आप जिसमें गांव के पार्क, चौक चौराहे ,मंदिरो और स्कूलो, में जाकर गांव के लोगों को स्वच्छता और सफाई के लिए जागरूक किया और सफाई का महत्व समझाया अच्छे स्वास्थ्य के लिए सफाई कितनी महत्वपूर्ण है इस विषय में विस्तार से चर्चा की और संतोष हॉस्पिटल से सीएसआर हेड श्वेता चौधरी ने बताया स्वास्थ्य के लिए सफाई कितनी आवश्यक है । और बीमारियों से बचाव करना है तो अपने आसपास कूड़ा इकट्ठा न होने दे पानी जमा न होने दे स्वच्छ पानी पिए और खाने पीने की सामग्री भी ढककर रखें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। प्रदूषित वातावरण से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए संतोष हॉस्पिटल के डॉक्टर और मेडिकल के छात्रों ने ग्राम वासियों को जागरूक किया और गांव के मुख्य पार्क की सफाई की साफ सुथरा गांव रहे इसके लिए गांव के मुख्य और सम्मानित लोगों के साथ ग्रामवासियों को शपथ दिलाई। संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद के द्वारा समाज सेवा में हेल्थ चेकअप कैम्प, स्वच्छता अभियान, हेल्थ टॉक और अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाकर ग्राम वासियों को स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सा सेवाओं से संबंधित जानकारी समय–समय पर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे गांव के लोगों में उत्साह और उमंग है ,संतोष हॉस्पिटल के लिए ग्राम वासियों ने बहुत–बहुत आभार व्यक्त किया और समाज के लिए की जा रही कल्याणकारी योजनाओं की बहुत–बहुत प्रशंसा की।संतोष हॉस्पिटल इस तरह के कार्य समाज के लिए करता रहेगा और अपना योगदान देते हुए जनकल्याण के लिए समर्पित रहेगा। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए संतोष हॉस्पिटल की टीम सीएसआर हेड श्वेता चौधरी ,गुरदीप तेवतिया , सत्या बाना,सुमित कुमार, सोनू भारती, डॉक्टर आशुतोष।गांव मोरटा के सामाजिक कार्यकर्ता, एवं अध्यापिका ब्रह्मपाल पूर्व पार्षद।एडवोकेट भारत सिंह प्रबंधक जी.बी.पब्लिक स्कूल गांव मोरटा गाजियाबाद पायल मैम,प्रियंका मैम, आंचल मैम,पूनम मैम, स्वाति मैम,नेहा मैम, विधि मैम ,प्रवेश कुमार जी का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त डायरी

### गाजियाबाद के सेक्टर 14 राजनगर पार्क का हाल, जहां न सिर्फ सफाई की कमी है, बल्कि पार्क की सुंदरता भी धूल चाट रही है। पार्क में लगे कूड़े के ढेर और ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अवैध निर्माण



संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**
बताते चलें हम बात कर रहे हैं गाजियाबाद के सेक्टर 14 राजनगर पार्क की, जहां एक ओर जनता को हरे–भरे पार्क का लाभ मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर यहां हो रही लापरवाही ने स्थिति को बिगाड़ रखा है। इस पार्क में ना सिर्फ कूड़े का ढेर है, बल्कि ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाकर उस पर निर्माण किया जा रहा है। और यही नहीं, पुरानी महापौर द्वारा लगवाई गईं बेंचों पर भी राजनीति खेली जा रही है। यह है गाजियाबाद के सेक्टर 14 राजनगर पार्क का हाल, जहां न सिर्फ सफाई की कमी है, बल्कि पार्क की सुंदरता भी धूल चाट रही है। पार्क में लगे कूड़े के ढेर और ग्रीन बेल्ट पर हो रहे अवैध निर्माण ने लोगों को परेशान कर रखा है। हरे–भरे इस पार्क में अब गंदगी और अनियमितता का बोलबाला है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पार्क में जो बेंचें पहले की महापौर के समय लगाई गई थीं, उन पर अब वर्तमान महापौर का नाम लिखवा दिया गया है। जनता का कहना है कि यह राजनीति के सिवा कुछ और नहीं। पुराने महापौर द्वारा किए गए कामों पर अपनी मुहर लगाना, और उसी दौरान पार्क की व्यवस्था को नजरअंदाज करना, प्रशासन की लापरवाही को साफ दर्शाता है।रलोगों की शिकायतें हैं कि ग्रीन बेल्ट की जगह पर पटरियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। प्रशासन के इस रवैये से लोग आक्रोश में हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पार्क की यह हालत न केवल स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है, बल्कि यह सवाल भी उठाता है कि क्या जनता की सुविधाओं के साथ खिलवाड़ करना सही है? उम्मीद है कि प्रशासन इस पर ध्यान देगा और जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगा।

### शहर मंडल भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन गाजियाबाद के हिंडन विहार क्षेत्र में के भगवान महर्षि वाल्मीकि सभागार में आयोजित किया गया




संस्कार उजाला
शहर मंडल भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन गाजियाबाद के हिंडन विहार क्षेत्र में के भगवान महर्षि वाल्मीकि सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री श्री हरिओम शर्मा महानगर के अध्यक्ष बाय संजीव शर्मा महानगर के महामंत्री पप्पू पहलवान मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता मंडल प्रभारी मोनिका पंडित हाजी जमालुद्दीन सम्मानित बूथ अध्यक्ष रैंक पार्षद गण पूर्ण पार्षद गण महानगर एवं मंडल के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान वाल्मीकि के द्वारा किया गया बैठक में सभी बूथ से जुड़े कार्यकताओं को सफल मार्गदर्शन दिया और चुनाव में जुड़ जाने का आह्वान किया विधि तो वाल्मीकि सभागार में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल का प्रथम कार्यक्रम आयोजित किया गया है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी –285, सेक्टर–11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक–महेश कुमार – 9911733939, कानूनी सलाह– नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011